

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 02 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-04 ■ वर्ष -42 ■ अंक-154 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 03 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल में टक्कर,4की मौत

**राजनांदगाँव,2 सितंबर।** राजनांदगाँव जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भोलापुर और शिकारी महका मोड़ के पास स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल के बीच हुई भीषण टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि मोटरसाइकिल सवार 3 लोगों में से 2 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, स्कॉर्पियो वाहन में सवार 4 लोगों में से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी



भी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुखद हादसे में कुल 4 लोगों की जान चली गई है। पुलिस ने शवों को पंचनामा के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की मुख्य न्यायाधीश ने की समीक्षा

**बिलासपुर,2 सितंबर।** आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा के लिए माननीय मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी संबंधित न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू भी उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुराने लंबित सिविल एवं आपराधिक सुलह योग्य मामलों की पहचान कर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, परक्राम्य लिखत अधिनियम तथा मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामलों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन मामलों के निपटारे के लिए पक्षकारों को समझाइश देकर विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रयास किया जाए। न्यायिक अधिकारियों को पक्षकारों के साथ पूर्व बैठक कर विशेष रूप से ऐसे मामलों की पहचान करने कहा गया, जिनमें बीमा एवं वित्तीय कंपनियां जैसी संस्थाएं पक्षकार हैं, ताकि संबंधित संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक मामलों में समझौता कराया जा सके।

## कश्मीरी छात्र के खिलाफ अदालत में चल रही कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक

**बिलासपुर,2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कश्मीरी छात्र के खिलाफ बिलासपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। इसके साथ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डीबी ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता सूफी अब्दुल रहमान की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता ईशान वर्मा ने डिवीजन बेंच को बताया कि 24 अप्रैल 2026 को कथित घटना हुई, जबकि शिकायतकर्ता की ओर से 26 अप्रैल को एफआईआर दर्ज कराई गई। याचिकाकर्ता का दावा है कि घटना से पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के संबंध में याचिकाकर्ता ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष से शिकायत की थी। विभागाध्यक्ष की मौजूदगी में मामला सुलझ गया था। आरोप है कि कार्यालय से बाहर निकलने के बाद



शिकायतकर्ता ने याचिकाकर्ता को धमकाते हुए कहा कि वह छत्तीसगढ़ का निवासी नहीं है। इसके बाद दोनों के बीच फिर विवाद हुआ। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि उसी घटना को लेकर उसने भी पुलिस से शिकायत की थी, जिसके आधार पर 27 अप्रैल 2026 को काउंटर केस दर्ज किया गया। याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर आपराधिक प्रकरण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बिलासपुर के समक्ष लंबित है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि वह 23 वर्षीय छात्र है, और अपने स्थायी निवास जम्मू-कश्मीर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहा है। अच्छे अकादमिक रिकॉर्ड वाले छात्र के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रहने से उसकी पढ़ाई और भविष्य के करियर पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अधिवक्ता ने एफआईआर को कथित घटना का एकतरफा पक्ष बताते हुए उसे और उसके आधार पर चल रही आपराधिक कार्यवाही को निरस्त करने की मांग की।हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता अमन कुमार गुप्ता को स्पीड पोस्ट से नोटिस जारी किया है। राज्य की ओर से नोटिस स्वीकार किए जाने के कारण राज्य को अलग से नोटिस जारी करने की आवश्यकता नहीं मानी गई। जवाब दाखिल करने के लिए राज्य और शिकायतकर्ता को नोटिस की तामील से दो सप्ताह का समय दिया गया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक आपराधिक कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

## छग में अपराध पीड़ितों के 1099 मामलों में 37.07 करोड़ की क्षतिपूर्ति लंबित

### हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**बिलासपुर,2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में अपराध पीड़ितों के 1099 मामलों में 37 करोड़ 7 लाख 42 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि फंड की उपलब्धता नहीं होने के कारण लंबित है। पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत यह राशि पात्र पीड़ितों को दी जानी थी। इस मुद्दे पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान पाया कि अप्रैल 2025 से जुलाई 2026 के बीच राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया था कि पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, 2018 के तहत राशि के आवंटन और भुगतान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। लंबित राशि फंड उपलब्ध होते ही जल्द जारी करने का आश्वासन दिया गया। कोर्ट ने मामले की निगरानी जारी रखते हुए सक्षम अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## नेपाल त्रासदी: भारत ने 5.5 टन दवाओं के साथ पांचवीं खेप भेजी

**नईदिल्ली,2 सितंबर।** नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों के बचाव और राहत कार्यों में सहयोग के लिए भारत भी कमर कसे हुए है. इसी क्रम में अब भारत ने मदद के तौर पर पांचवीं खेप भेजी है और भेजी गई राहत सहायता की पांचवीं खेप काठमांडू पहुंच चुकी है. भारत की ओर से 5वें विमान के साथ 11 सदस्यों की रेस्क्यू टीम भी साथ गई है. राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए भारत लगातार मदद कर रहा है. नेपाल में इस समय बचाव और राहत कार्य तेजी से जारी है. भारत ने बुधवार को बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित नेपाल के लिए पांच टन से अधिक आवश्यक दवाओं की पांचवीं खेप भेजी.नेपाल में आई भीषण बाढ़ और तबाही के बीच त्रासदी के 8वें दिन भारत का पांचवां विमान नेपाल के लिए रवाना हो गया है. साथ ही 11 सदस्यीय बचाव दल भी रवाना किया गया. यह दल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खोज एवं बचाव अभियान में सहायता करेगा. इससे पहले दो दिन पहले ही भारत ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 11 टन राहत सामग्री और तकनीकी दल के साथ चौथा विमान नेपाल भेजा था. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी शेयर की है. उन्होंने कहा कि भारत लगातार नेपाल की मदद के लिए काम कर रहा है.विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पांचवां भारतीय विमान नेपाल के लिए रवाना हो चुका है. भारत ने बचाव दल के साथ बड़ी मात्रा में दवाएं भी भेजी हैं.

## दिशा सालियान केस की जांच अब सीबीआई के हाथों में

**मुंबई, 2 सितंबर।** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के करीब छह साल बाद मामले में बड़ा मोड़ आया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिशा की मौत की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मामले में एफआईआर दर्ज करने और जांच सीबीआई को ट्रांसफर करने के निर्देश दिए हैं। दिशा के पिता सतीश सालियान ने याचिका दायर कर बेटी की मौत की परिस्थितियों की नए सिरे से जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी।अदालत ने सीबीआई को सतीश सालियान का बयान दर्ज करने और जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारी नियुक्त करने को कहा है। मालवणी पुलिस स्टेशन में मौजूद मामले से जुड़े सभी रिकॉर्ड भी सीबीआई को सौंपे जाएंगे। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि



केवल आरोप या किसी व्यक्ति का नाम सामने आने के आधार पर उसे आरोपी नहीं माना जाएगा। जांच में सबूत मिलने पर ही कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी।दिशा सालियान की 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक ऊंची इमारत से गिरने के बाद मौत हुई थी। मुंबई पुलिस ने जांच के बाद इसे आत्महत्या का मामला बताया था। बाद में महाराष्ट्र सरकार ने एसआईटी गठित की थी। पुलिस और एसआईटी ने अदालत में कहा था कि जांच में आपराधिक साजिश या गड़बड़ी के सबूत नहीं मिले। 2025 में पुलिस ने यह भी कहा था कि पोस्टमॉर्टम और अन्य जांच में यौन या शारीरिक हमले के संकेत नहीं मिले।वहीं दिशा के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या की गई और मामले की जांच प्रभावित की गई। उनकी याचिका में कुछ प्रभावशाली लोगों पर भी आरोप लगाए गए थे। हालांकि हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश का मतलब किसी व्यक्ति को दोषी ठहराना नहीं है।अगस्त में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पुलिस जांच पर भी सवाल उठाए थे। अदालत ने पूछा था कि परिवार द्वारा संदेह जताए जाने के बावजूद एफआईआर दर्ज करने में क्या बाधा थी और मौत से जुड़े मेडिकल एवं अन्य पहलुओं की पर्याप्त जांच हुई थी या नहीं।

## शेख हसीना बांग्लादेश वापस जाएंगी



### बोलीं- सत्ता के लिए नहीं, लोगों के लिए जाऊंगी वापस

नई दिल्ली,2 सितंबर। शेख हसीना बांग्लादेश वापस जाएंगी। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा कि उनकी वापसी सत्ता हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि देश के लोगों के साथ खड़े होने के लिए होगी। बांग्लादेश की पूर्व पीएम ने कहा कि वह दिसंबर तक स्वदेश लौटने का इरादा रखती हैं।साथ ही उन्होंने बांग्लादेश में जारी राजनीतिक संकट को अनिश्चितकाल तक जारी रखने पर भी सवाल उठाया। बांग्लादेश की पूर्व पीएम ने कहा कि वह अपनी वापसी की तारीख, समय और किस तरीके से बांग्लादेश पहुंचेंगी, इसकी जानकारी उचित समय पर देंगी। हसीना ने कहा कि देश लौटने का फैसला उनका अपना है।

मीडिया को दिए अपने पहले टेलीफोनिक इंटरव्यू में हसीना भविष्य की योजना पर कहा कि बांग्लादेश लौटने का फैसला उनका अपना है। उन्होंने कहा, मेरा फैसला मेरा अपना है और यह मेरी पार्टी के भीतर राजनीतिक चर्चा का विषय है। हसीना ने कहा कि ढाका में मौजूद बांग्लादेश सरकार के साथ उनका कोई राजनीतिक समझौता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाया और उसके नेताओं के खिलाफ हजारों मामले दर्ज किए, उनके साथ किसी गुप्त समझौते का हिस्सा बनने का सवाल ही नहीं उठता।

बांग्लादेश सरकार की ओर से उनके प्रत्यर्पण की मांग और प्रधानमंत्री तारिक रहमान की संभावित नई दिल्ली यात्रा के सवाल पर हसीना ने कहा कि प्रत्यर्पण के मुद्दे का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह खुद अपने देश लौटना चाहती हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि तारिक रहमान उनकी वापसी पर आपत्ति क्यों कर रहे हैं।

## भाजपा ने राहुल गांधी के लिए किया 'बुद्धि शुद्धि' यज्ञ

**नैनीताल,2 सितंबर।** उत्तराखंड में मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद कथित 'शुद्धिकरण' विवाद गरमा गया है, जिसके जवाब में बीजेपी ने राहुल गांधी के लिए 'बुद्धि शुद्धि यज्ञ' किया। बीजेपी का आरोप है कि राहुल गांधी और कांग्रेस झूठ फैला रहे हैं, जबकि कांग्रेस ने 'शुद्धिकरण' में शामिल लोगों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग कर इस घटना को जातिगत अपमान बताया है। उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद एक मैदान में कथित 'शुद्धिकरण' कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को राजनीतिक विवाद और बढ़ गया। बीजेपी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसते हुए 'बुद्धि शुद्धि यज्ञ' किया। बीजेपी के अनुसूचित जाति (SC) मोर्चे ने देहरादून के एक मंदिर में 'बुद्धि शुद्धि यज्ञ' किया और इस दौरान राहुल गांधी की तस्वीर भी रखी। पार्टी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं को बुद्धि देना और झूठ फैलाना बंद करने के लिए प्रेरित करना था।

इस विवाद पर उत्तराखंड के मंत्री भागवत मकवाना ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और उन्हें मंत्री का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि अगर कोई मंत्री भी अपराध करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीजेपी का 'बुद्धि शुद्धि यज्ञ' कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तराखंड भर के पुलिस स्टेशनों में शिकायतें दर्ज कराने के एक दिन बाद हुआ। इन शिकायतों में हल्द्वानी में कथित तौर पर किए गए ''शुद्धिकरण'' अनुष्ठान में शामिल लोगों के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत FIR दर्ज करने की मांग की गई थी। कार्यकर्ताओं ने 'शुद्धिकरण' विवाद को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज FIR को वापस लेने की मांग करते हुए उत्तराखंड सचिवालय के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया।

## विजेता बनकर ओलंपिक खेलों में भाग लेने का मौका

**एशियाई खेल 2026 जापान के आइची नगोया में 19 सितंबर से 04 अक्टूबर तक होंगे संपन्न**

**आलेख .. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ ग.**

जब से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने पदभार ग्रहण किया है तब से देश की अनेक समस्याओं को सुलझाने के लिए भारत सरकार द्वारा निरंतर कोशिश की जा रही है। इस दृष्टि से भारत को खेल के विश्वमंच पर स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री की कोशिश की जितनी भी सराहना की जाए कम है। भारत के केंद्रीय खेल अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत बजट के अनुसार राशि का आबंटन किया जा रहा है। भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा खेलों के अधोसंरचना का निर्माण किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ओलंपिक खेलों सहित नान ओलंपिक तथा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु बड़ी संख्या में प्रशिक्षक तैयार किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को उत्तम से उत्तम आवास, परिवहन, भोजन की सुविधाएं के जा रही है। एक खिलाड़ी को विश्व स्तर के प्रदर्शन के लिए संतुलित आहार की जानकारी आहार विशेषज्ञ दे रहे हैं। शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए अत्याधुनिक जिम की व्यवस्था की जा रही है। सबसे बड़ी समस्या प्रतिभावान खिलाड़ियों की जमीनी स्तर पर खोज के लिए खेलो इंडिया मिशन कार्यक्रम हर स्तर पर पूरे भारत में लागू किया जा रहा है। युवाओं को नशीली दवाओं ,पदार्थों से दूर रहने तथा प्रतिबंधित दवा ना लेने के लिए केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के मार्गदर्शन द्वारा संपूर्ण भारत में जागरूकता शिविर लगाई जा रही है। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रधानमंत्री जी ने भारत को 2047 तक खेलों की दुनिया में पहले दस या पांच स्थानों पर पहुंचाने का संकल्प लिया है तो वे इस दिशा में न सिर्फ आर्थिक रूप से मदद कर रहे हैं। बल्कि मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण को केंद्र सरकार द्वारा 2015-16 से लेकर अब तक लगभग 11 वर्षों में दस हजार करोड़ की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। इसका प्रमाण भारत के छोटे बड़े शहरों में कम से कम पांच करोड़ की लागत से 200 से अधिक खेल स्टेडियम बन चुके हैं। भारत में 13 क्षेत्रीय खेल प्रशिक्षण केंद्र हैं जिनमें 9000 से अधिक एथलीट, 1000 से अधिक प्रशिक्षक हैं। यहां 180 से अधिक प्रशिक्षण 12 क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र तथा 20 से अधिक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र है। प्रधानमंत्री के इस तरह भारत को खेलों की दुनिया में स्थापित करने के प्रयास का परिणाम भी सराहनीय आ रहा है। अब हमारे खिलाड़ियों के लिए जापान में संपन्न होने जा रहे एशियाड 2026 परीक्षा की घड़ी है क्योंकि इसमें सफलता मिलने पर हर भारतीय खिलाड़ी को सीधे ओलंपिक में भाग लेने का अवसर मिलेगा . छत्तीसगढ़ से एशियाड 2026 में शामिल 45 खेलों में से सिर्फ एक टीम खेल कबड्डी के लिए कोरबा की संजू देवी का चयन हुआ है . छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खेलमंत्री अरुण साव ने संजू देवी को विश्वकप कबड्डी स्पर्धा में स्वर्ण जीतने पर 50 लाख पुरस्कार के रूप में दिया है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित उत्कृष्टता केंद्र में कबड्डी प्रशिक्षक दिल राठौर की अगुवाई में प्रशिक्षण प्राप्त करके संजू देवी ने भारत की वरिष्ठ महिला कबड्डी टीम में जगह बनाई है। खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी निकलना कोई आसान बात नहीं है।संजू देवी के लगातार त्याग, मेहनत,अभ्यास, अनुशासन की बदौलत यह उपलब्धि हासिल की है। उसके लिए संजू देवी भी बधाई की पात्र है । लेकिन अभी ओलंपिक में शामिल दूसरे

खेलो में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को लगन के साथ आगे आना होगा। एशियाड के 45 में से सिर्फ एक नहीं परंतु कम से कम सात आठ खेलों में हमारे प्रदेश की युवा शक्ति अपना जौहर दिखा सकने की स्थिति में है अतः सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों ,प्रशिक्षकों को संकल्प लेना चाहिए कि वे प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने में साथ देंगे।

## हिस्ट्रीशीटर सोहेल खान ने किया सरेंडर

**बिलासपुर,2 सितंबर।** बिलासपुर के खपरगंज में दो पक्षों में विवाद के बाद हुए बवाल मामले में मास्टर माइंड सोहेल खान ने कोनी थाने में जाकर सरेंडर कर दिया है. वहीं पुलिस ने उसके फरार तीन साथियों को भी पकड़ लिया है. पुलिस चारों आरोपियों से पूछताछ कर रही है. बीते 28 अगस्त की रात खपरगंज में हुई दो पक्षों के बीच विवाद के बाद पथराव के मामले में खपरगंज निवासी सोहेल खान की पुलिस सरगर्मी से तलाश में लगी हुई थी. पुलिस की लगातार दबाव के चलते चार दिन फरारी काटने के बाद 1 सितंबर की रात आरोपी सोहेल खान ने कोनी थाने में जाकर सरेंडर कर दिया. पुलिस ने उसके फरार साथी खपरगंज निवासी अरबाज, अब्दुल रज्जाक और एक अन्य को लालखदान क्षेत्र से पकड़ लिया है. पुलिस चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है.

## वर्ल्ड की 3 सुपरपावर देशों की लिस्ट में भारत की एंट्री

**नई दिल्ली,2 सितंबर।** वर्ल्ड की 3 सुपरपावर देशों की लिस्ट में भारत की एंट्री हुई है। 3 ताकतवर देशों की लिस्ट से अमेरिका बाहर हो गया है। ये ऐलान बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने किया है। शंघाई सहयोग संगठन के मंच पर बेलारूस के राष्ट्रपति ने भारत को दुनिया के ताकतवर देशों की लिस्ट में शामिल किया। उन्होंने लिस्ट से अमेरिका को बाहर रखा। किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित एससीओ समिटि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। पीएम मोदी के सामने ही बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने भारत को 3 सुपरपावर देशों की लिस्ट में होने का दावा किया। बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने भारत की तारीफों के पुल बांधे। वहीं संयुक्त बयान में एससीओ के सदस्य देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की।

बेलारूस के राष्ट्रपति ने अपने बयान में कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कितने ही बराबर हैं। हम मानते हैं कि चीन, रूस और भारत तीन ताकतवर देश हैं. ये तीनों आर्थिक रूप से ताकतवर परमाणु देश हैं। संयुक्त बयान में एससीओ के सदस्य देशों ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर गहरी चिंता जताई और ईरान पर अमेरिकी हमलों की निंदा की। इस बयान को बिश्केक घोषणा-पत्र नाम दिया गया है. बता दें कि एससीओ में रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान शामिल हैं।

## बस व ट्रक में जोरदार टक्कर, 14 यात्री घायल

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ क्षेत्र में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रैरूमाखुर्द चौकी क्षेत्र के तेजपुर के पास यात्री बस और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए। इनमें 7 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, द्विवेदी यात्री बस नारायणपुर से रायगढ़ की ओर जा रही थी।

# आयुक्त ने शहर के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 2 सितंबर।** आयुक्त सुरुचि सिंह ने नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और निर्माणाधीन और प्रस्तावित विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नेहरू नगर पूर्व सीवर लाइन, चंद्रा मौर्या के सामने निर्माणाधीन हाइजीनिक फूड जोन, पावर हाउस स्थित जवाहर मार्केट में प्रस्तावित कार्य तथा वार्ड क्रमांक 22 कुरूद में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ग्रीन टाउन के प्रस्तावित कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने सबसे पहले नेहरू नगर पूर्व सीवर लाइन का निरीक्षण कर उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक सफाई एवं सुधार कार्य कराने तथा पानी निकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न बने। इसके बाद उन्होंने चंद्रा मौर्या के सामने निर्माणाधीन हाइजीनिक फूड जोन का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा में इसे पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फूड जोन के शुरू होने से नागरिकों को व्यवस्थित एवं स्वच्छ वातावरण में खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। आयुक्त ने पावर हाउस स्थित जवाहर मार्केट में प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर विकास कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 22 कुरूद में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ग्रीन टाउन के प्रस्तावित कार्यों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने प्रस्तावित कार्यों की स्थिति, आवश्यक सुविधाओं और आगामी कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को इन्हें प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने कहा।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त डी.के. को, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, अरविंद शर्मा, नितेश मेश्राम, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता रीमा जामुलकर, अशोक देवांगन, दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, शंकर साहनी, बीरेंद्र बंजारे सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायत भवनों में बिजली कटौती उचित नहीं: प्रदेश सरपंच संघ प्रभारी छत्तीसगढ़



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कुल 11337 सरकारी विभाग के दफ्तरों में कुल बिजली बिल बकाया राशि 23509.59 लाख रुपये है है जिसमें सर्वाधिक बकाया 8219 कनेक्शन ग्राम पंचायतों का 14446.60 लाख है।इसमें दुर्ग जिला के ग्राम पंचायत रिसामा,चिरपोटी, मतवारी,अंडा,अछोटी, जजंगिरी तरफ के कई गांवों के पंचायत भवनों में बिजली कटौती किया जा चुका है जिससे जनप्रतिनिधि परेशान है और उपरोक्त विषय पर आज सरपंच संघ अध्यक्ष युगल किशोर साहू व जनपद संघ अध्यक्ष ढालेश साहू जनपद पंचायत दुर्ग, सचिव अनिल बंजारे सहित सरपंचो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर आवेदन दिए। प्रदेश सरपंच संघ प्रभारी छत्तीसगढ़ युगल किशोर साहू ने कहा हम जन प्रतिनिधि वर्तमान में बने है और लगभग 10 से 15 वर्षो से बकाया बिजली बिल पटा पाना किसी भी पंचायत के लिए संभव नही है और सरकार पंचायतों को फंड उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तभी बिजली बिल का भुगतान विद्युत विभाग को पंचायतों के द्वारा संभव हो पायेगा अन्यथा किसी भी पंचायत द्वारा इतनी बड़ी राशि का भुगतान किया जाना संभव नहीं है। जिस प्रकार आज पंचायत भवन की बिजली कटौती किया गया तो पंचायत का कार्य ठप्प हो रहा है जब कि हम जानते है कि अब कोई कार्य बिना कम्प्यूटर के सम्भव नहीं। जंहा पर हम एक तरफ़ विकसित संचार-क्रांति युक्त भारत बनाने की बात करते है वहीं दूसरी ओर हम पंचायत के अंधेरे में चिमनी जलाकर क्या कर पाएंगे जब कि प्रत्येक कार्य ऑनलाइन पोर्टल प्रक्रिया व संचार के माध्यम से संबंधित है।आज पंचायत भवन बस की कटौती से पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे तो चिंता का विषय यह है कि कल जब गली लाइन, मोटर पम्प आदि के कनेक्शन काटे जाएंगे तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी।यदि अब गली के लाइन बंद रहेंगे,जनता को बिना मोटर चालू किये हम पानी नहीं दे पाएंगे तो हमारा कार्यकाल क्या अंधेरे गांव और सूखे गलियों से विकसित होगा। यदि समय रहते सही दिशा निर्देश व पंचायत हित में कोई निर्णय नहीं लिया गया तो अतिशीघ्र छत्तीसगढ़ प्रदेश सरपंच संघ द्वारा ठोस कदम उठाया जाएगा।

## एक नजर

### अफीम खेती के आरोपी को मिली जमानत

**भिलाई, 2 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में कथित अवैध अफीम खेती से जुड़े एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी विनायक ताम्रकार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर ने



नियमित जमानत दे दी है हालांकि, इसी मामले में एफआईआर रद्द करने की मांग वाली याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी में मामला जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 18, 27 (ए) और 29 के तहत दर्ज है विनायक की ओर से अधिवक्ता गौतम क्षेत्रपाल और अमन ताम्रकार ने जमानत याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने उपलब्ध अभिलेखों और दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार किया। अदालत के समक्ष यह भी आया कि आरोपी घटना स्थल पर मौजूद नहीं था, उसके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ था और जांच पूरी कर आरोप-पत्र पेश किया जा चुका है इन परिस्थितियों को देखते हुए नियमित जमानत मंजूर की गई हालांकि, एफआईआर रद्द करने की मांग स्वीकार नहीं की गई यानी आरोपी को जमानत मिली है, लेकिन उसके खिलाफ दर्ज मामला जारी रहेगा बचाव पक्ष ने साक्ष्यों पर उठाए सवाल सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि आरोपी की कथित अफीम खेती में सीधे शामिल होने का कोई प्रत्यक्ष और स्वतंत्र साक्ष्य नहीं है जिस जमीन पर खेती किए जाने की बात कही गई, वह आरोपी के नाम दर्ज नहीं थी और उसके कब्जे से भी कोई मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ ।

### लोगों डरा रहा युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 2 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई सुपेला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भिलाई नगर रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर गोठान के पास एक व्यक्ति धारदार लोहे का चापड़ लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने अपने पास रखा धारदार लोहे का चापड़ झाड़ियों में फेंक दिया पुलिस टीम आरोपी को मौके पर पकड़ा गया तथा पूछताछ में उसने अपना नाम नवीन निषाद उर्फ बबलू (23 साल) निवासी कोसानगर सुपेला बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है ।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 11 सितम्बर को

**दुर्ग, 2 सितम्बर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग एवं शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में 11 सितम्बर 2026 को शासकीय महिला औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।उप संचालक रोजगार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस मेले हेतु निजी क्षेत्र के नियोजक जो अपने संस्थान में रिक्त पदों को इस रोजगार मेला के माध्यम से भरना चाहते हैं, वे 09 सितम्बर 2026 तक रिक्त पदों की जानकारी छत्तीसगढ़ रोजगार विभाग के ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग को अधिसूचित करेंगे। छत्तीसगढ़ रोजगार विभाग के ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से रिक्तियाँ प्रेषित करने के लिए नियोजकों का पोर्टल पर रोजगार मेला हेतु नियोक्त पंजीयन कराना अनिवार्य होगा जिसके लिए नियोक्ता का जीएसटी क्रमांक एवं डॉक्यूमेंट अपलोड करना आवश्यक होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, दुर्ग में संपर्क कर सकतें है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जिले ने हासिल की बेहतर प्रगति

**दुर्ग, 2 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले में खरीफ 2026 में 1 लाख 5 हजार 181 हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों का बीमा कराया गया है। इस वर्ष की मौसमी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा बीमा कंपनी के सहयोग से जिले की ग्राम पंचायतों में सघन फसल बीमा अभियान चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले है। धान सिंचित क्षेत्र में 90 हजार 247 हेक्टेयर तथा धान असिंचित क्षेत्र में 13 हजार 862 हेक्टेयर क्षेत्र का बीमा हुआ है। इसके अलावा सोयाबीन में 1 हजार 45 हेक्टेयर तथा अरहर में 27 हेक्टेयर क्षेत्र बीमित हुआ है। सघन अभियान के परिणामस्वरूप खरीफ 2026 में धान सहित विभिन्न खरीफ फसलों के बीमा क्षेत्र में गत वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। गत वर्ष लगभग 1 लाख 186 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों का बीमा हुआ था।

# अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक केएन कान्डे के सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 2 सितंबर।** नवा रायपुर अपर आयुक्त, सहकारिता एवं प्रबंध संचालक, अपेक्स बैंक केएन कान्डे आज 62 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति हुए। दिनांक 31.08.2026 को नवा रायपुर स्थिति अपेक्स बैंक मुख्यालय के सभागार में भावभीनी विदाई दिया गया। इस अवसर पर अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं केबिनेट मंत्री दर्जा, छग केदार गुप्ता मौजूद रहे।विदाई समारोह में अपेक्स बैंक के प्राधिकारी श्री केदार गुप्ता ने कहा कि केएनकान्डे भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा, मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना अंबिकापुर एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के स्थापना में अहम भूमिका रही है। श्री के0एन0 कान्डे के दीर्घकालीन अनुभवों का लाभ अपेक्स बैंक मिला, जिससे अपेक्स बैंक लगातार लाभार्जन की स्थिति में आया। श्री के0एन0कान्डे जुलाई 2020 में अपेक्स बैंक में प्रबंध संचालक का पदभार ग्रहण किये। अपेक्स बैंक की वित्तीय प्रगति वर्ष 2020-21 में शेयर कैपिटल 160 करोड़ था, जो वर्ष 2025-26 में 246 करोड़ हो गया। वर्ष 2020-21 में रिजर्व फंड 389 करोड़ था, जो वर्ष 2025-26 में 809 करोड़ हो गया। वर्ष 2020-21 में डिपाजिट 5550 करोड़ था, जो वर्ष 2025-26 में 8653 करोड़ हो गया। वर्ष 2020-21 में वर्किंग कैपिटल 7493 करोड़ था, जो वर्ष 2025-26 में 11901 करोड़ हो गया। प्रदेश के को-आपरेटिव्ह बैंकों में वर्ष 2020-21 में 30 एटीएम लगा था जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 269हो गया। प्रदेश के को-आपरेटिव्ह बैंकों की शाखाएं वर्ष 2020-21 में 302 था जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 345 हो गया। श्री के0एन0कान्डे के कुशल मार्गदर्शन तथा समन्वय में प्रदेश के को-आपेटिव्ह बैंकों में नवीन संवर्ग के 395 पदों की भर्ति निर्विवाद एवं पूर्णपादर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तथा वनांचलों में अपेक्स बैंक तथा को-आपेटिव्ह बैंकों के नवीन शाखाएं खोला गया। अपेक्स बैंक की कुनकुरी, सरिया, तमनार, बगीचा एवं फरसाबहार में शाखाएं खोला गया।

विदाई समारोह में अपर आयुक्त श्रीमती सावित्री भगत ने कहा कि श्री के0एन0 कान्डे पूरे सेवाकाल में मृदुभाषी, व्यवहारिक, कुशल समन्वयक, कुशल प्रशासक किसान हितैषी, जन समस्याओं को समझने एवं समाधान करने वाले अधिकारी व विधि सम्मत कार्य करने वाले अधिकारी रहे है। विदाई कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त संदीप गुप्ता ने कहा कि को-आपरेटिव्ह बैंकों तथा पैक्स सोसाइटियों का पूर्ण कम्प्यूटरीकरण में केएन कान्डे की भूमिका महत्वपूर्ण रहा है। प्रदेश में 725 पैक्स सोसाइटी में कार्यालय सह-गोदाम निर्माण पूर्ण किया गया। श्री के0एन0 कान्डे के कुशल मार्गदर्शन में 2025 में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में इंडोर स्टेडियम, रायपुर में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन तथा 2026 में कृषि मंडपम, लाभांडी रायपुर में राज्य राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलनों का सफल आयोजन किया गया।विदाई समारोह में अपर आयुक्त श्री यूबीएस राठिया, अपर आयुक्त श्रीमती सावित्री भगत, संयुक्त आयुक्त संदीप गुप्ता, संयुक्त आयुक्त उमेश तिवारी, संयुक्त आयुक्त श्री डीपी टावरी, संयुक्त आयुक्त दिलीप जायसवाल, संयुक्त आयुक्त बिलासपुर बसंत कुमार, संयुक्त आयुक्त दुर्ग श्री मुकेश कुमार ध्रुव, संयुक्त आयुक्त जगदलपुर श्री विनोद बुनकर, संयुक्त आयुक्त श्रीमती किरण गुप्ता, संयुक्त आयुक्त एस0के0तिग्गा, संयुक्त आयुक्त श्री मुकेश कुमार ध्रुव, मार्कफेड सचिव भूपेन्द्र ठाकुर, उपायुक्त श्री युगल किशोर, उपायुक्त एनएल टंडन, उपायुक्त एनआरके चंद्रवंशी, उपायुक्त विकास खन्ना, उपायुक्त श्रीमती शिल्पा अग्रवाल, उपायुक्त श्रीमती पुर्णिमा सिंह, उपायुक्त अवधेश मिश्रा, भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक जी0एस0शर्मा, अंबिकापुर शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक श्री राजेन्द्र प्रसाद राठिया, दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक सतीष पाटले, अपेक्स बैंक के डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी, एजीएम अरूण पुरोहित, एजीएम एलके चौधरी, एजीएम अजय भगत, प्रबंधक एके लहरे, प्रबंधक अभिषेक तिवारी, प्रबंधक गुंजार सिंह ठाकुर, प्रबंधक श्रीमति रूमित सोढ़ी, संवर्ग अधिकारी पंकज सोढ़ी, लेखाअधिकारी श्री प्रभाकर कांत यादव तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के सीईओ रायपुर श्रीमती अपेक्षा व्यास, सीईओ दुर्ग श्री एस0के0 वर्मा, सीईओ बिलासपुर श्री प्रभात मिश्रा, सीईओ अंबिकापुर श्रीकांत चंद्राकर, सीईओ राजनांदगांव श्री सुधीर सोनी, सीईओ जगदलपुर केएस ध्रुव व बड़ी संख्या में अधिकारीगण मौजूद रहे।

# काजल शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित की गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 सितम्बर।** खुर्सीपार में न केवल टैलेंट है बल्कि सभी जद्दोजहद से लड़कर वे सफलता के परचम को लहराना जानते हैं,यह कारनामा काजल ने कर दिखाया और पुरे प्रदेश में अपना और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। ऐसे विचार थे खुर्सीपार में आयोजित सम्मान समारोह में कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमित सिंह का जो खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेल अलंकरण में खुर्सीपार की सुश्री काजल को शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित होने पर उनके निवास पर एक सम्मान समारोह में। इस सम्मान समारोह में खेल प्रशिक्षक, समाजसेवी, शिक्षक, खिलाड़ी और प्रतिष्ठित जन उपस्थित होकर काजल व उनके परिजनों को बधाई दी। गुड्डू खान ने कहा कि ऐसे खिलाड़ी न केवल सम्मान प्राप्त करते हैं बल्कि अपने परिवार और समाज को सम्मान दिलाते हैं, डी. कामराजू ने कहा कि काजल जैसे खिलाड़ी ही नयी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय होते हैं। डी. कामराजू, वार्ड पार्षद भूपेंद्र यादव, बबीता भैसारे, शंकर राव, शेखर साईं, के. मोहन राव, डी.राव, रामू राव, रोहन साहू, यश नाग, श्रावन्ती, कविता, पारसनाथ शर्मा, विश्वनाथ, जितेन्द्र चौधरी, भरत यादव, गौरव सहित बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ ब्रह्माकुमारी बहनों ने चलाया जागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 सितम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के 10 करोड़ नशामुक्ति महाअभियान के तहत भिलाई अंचल में विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प एवं नशा मुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई जा रही है। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि नशा छोड़ने का दृढ़ संकल्प ही मुक्ति की दिशा में पहला कदम है। राजयोग मेडिटेशन का नियमित अभ्यास और श्रेष्ठ संगति अपनाकर व्यक्ति नशे जैसी बुराइयों से मुक्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक एवं सात्विक वातावरण में नशा मुक्ति का संकल्प अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ नशामुक्ति महाअभियान के तहत अब तक 6 करोड़ से अधिक नशा मुक्ति प्रतिज्ञाएं कराई जा चुकी हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं एवं प्रशासनिक कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी हैं। अभियान को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी, पूजा दीदी, इंद्राणी दीदी, मयंक दीदी, शांति दीदी, सुमन दीदी एवं गायत्री दीदी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।



# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर तीन करोड़ की ठगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 2 सितम्बर।** शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक ही परिवार के 10 सदस्यों से तीन करोड़ 4 लाख 50 हजार रुपए निवेश कराने वाले आरोपी को दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी ने एक करोड़ 3 लाख 60 हजार रुपए वापस कर दिए, लेकिन दो करोड़ 90 हजार रुपए नहीं लौटाए पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत के अनुसार प्रेमसागर चौक, बैगापारा निवासी कृष्ण कुमार चंद्राकर (56 साल ) ने 29 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी इस में बताया कि अमलेश्वर निवासी प्रकाश सिन्हा (32 साल? ) ने खुद की शेयर ट्रेडिंग कंपनी संचालित करने की बात कही और निवेश पर अधिक मुनाफे का भरोसा दिलाया उसके झांसे में आकर कृष्ण कुमार और परिवार के 10 सदस्यों ने अलग-अलग समय पर राशि निवेश की पुलिस के अनुसार 24 नवंबर 2021 से 13 जनवरी 2022 के बीच विभिन्न बैंक खातों से कुल तीन करोड़ 4 लाख 50 हजार रुपए आरोपी के खाते में ट्रांसफर किए गए मोबाइल भी जब्त जांच के दौरान आरोपी की निशानदेही और प्रकरण से जुड़े साक्ष्यों के आधार पर उसका मोबाइल फोन जब्त किया गया पुलिस अब लेन-देन और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही ।

### महिला ने घर में फांसी लगाई

**भिलाई, 2 सितम्बर।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के रुआबांधा सेक्टर में एक विवाहित अधेड़ महिला द्वारा घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है घटना के समय महिला घर पर अकेली थी, जब कि उसका पति बीएसपी में सेकंड शिफ्ट ड्यूटी पर गया हुआ था घटना स्थल से कोई भी सुसाइडल नोट प्राप्त नहीं हुआ है विवाहित महिला के द्वारा यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया गया इसका खुलासा नहीं हो सका है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान ममता बघेल (45 साल ) पति मनबोध बघेल, निवासी रुआबांधा सेक्टर के रुप में हुई है पति के सेकंड शिफ्ट ड्यूटी पर जाने के बाद महिला कल घर पर अकेली थी। शाम को अपने पेटडॉग को मंगलवार की शाम को घूमने के बाद घर लौट गई थी शाम को पति के द्वारा लगातार फोन किए जाने पर पत्नी की ओर से कोई प्रति उत्तर नहीं मिलने पर घबरा गया था इसके बाद जानकारी का खुलासा हुआ की महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना मिलने के बाद भिलाई नगर थाने पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की शव को मर्च्यूरी में रखवाया गया है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिय है वहीं घटना की परिस्थितियों और अन्य पहलुओं की जांच के लिए एफएसएल शफॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी क भी सूचित किया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही आत्महत्या के पीछे के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा

### युवती लापता अपराध दर्ज

**भिलाई, 2 सितम्बर।** भिलाई कॉलेज जाने के लिए घर से निकली युवती जब वापस घर नहीं आई तब परिवार वाले उतई थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराए है पुलिस ने धारा 140 (3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है उतई पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया हेमलता साहू नेवई पारा उतई वार्ड नंबर 2 निवासी है और वह खेती किसानी का काम करती है उसके दो बच्चे जिसमें बड़ा लड़का प्रेम ठाकुर ( 21 साल ) का है वहीं लड़की युक्ति ठाकुर (19 साल ) की है जो हेमचंद यूनिवर्सिटी में द्वितीय वर्ष कॉलेज की पढ़ाई कर रही है 31 अगस्त को सुबह 10 बजे कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी जो घर वापस नहीं लौटी है। आसपास पता तलाश करने एवं रिश्तेदारों से पूछताछ करने के बाद प्रार्थिया ने शिकायत दर्ज कराई है उसे आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी का अपहरण कर लिया है, यदि उसकी बेटी स्वतंत्र रहती तो निश्चित वापस आ जाती पुलिस मामले की जांच कर रही है



# प्लेट मिल में 12 कार्मिकों को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 सितम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में प्रचालन अनुभाग के बहुर सिंह, विजय सिंह जोशी, जी. राजेश कुमार, हरिश्चन्द्र, मनोज कुमार मेहता, धनुश राम रात्रे, मंगल दास मारकंडे एवं भागवत प्रसाद धुर्वे, यांत्रिकी अनुरक्षण से राहुल राज एवं शांतिलाल तथा विद्युत अनुरक्षण से तरुण कुमार नाथ एवं कौशिक दुआ शामिल हैं। इन्हें क्रमशः अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक प्रत्येक माह के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी, जे. सुधाकर, एम. मेयप्पन, सी. पदमनाभन, एन.के. बिसेन तथा उप महाप्रबंधक विजय पाल सिंह सहित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। संचालन सुखचन्द एवं श्यामल बैनर्जी ने किया।



# सेवानिवृत्त कार्यपालक व गैर कार्यपालक कार्मिकों को दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 2 सितम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अगस्त 2026 में कुल 77 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिनमें 6 कार्यपालक एवं 71 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। इसके अलावा जून-जुलाई में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने वाले 62 कार्यपालकों तथा जुलाई में वीआरएस लेने वाले 124 गैर-कार्यपालकों को भी सम्मानित किया गया। इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित कार्यपालक विदाई समारोह में निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने अगस्त में सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किए। वहीं भिलाई निवास में आयोजित समारोह में अगस्त में सेवानिवृत्त 71 गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम एवं महाप्रबंधक संजय द्विवेदी ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किए। इसी क्रम में जून में वीआरएस लेने वाले 24 तथा जुलाई में वीआरएस लेने वाले 38 कार्यपालकों को निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने सम्मानित किया।



# प्लेट मिल और यूआरएम ने अगस्त में रचे नए कीर्तिमान

**भिलाई, 2 सितम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल एवं यूनिवर्सल रेल मिल ने अगस्त 2026 में उत्पादन और प्रेषण के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए नए रिकॉर्ड कायम किए। प्लेट मिल ने पांच नए रिकॉर्ड बनाए, जबकि यूआरएम ने पहली बार एक माह में 100 से अधिक लॉन्ग रेल रेक का प्रेषण किया। उपलब्धियों पर बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने प्लेट मिल एवं यूआरएम का दौरा कर कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने दोनों मिलों की टीमों के समर्पण, टीम भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी नए कीर्तिमान स्थापित करने की शुभकामनाएं दीं।

# गुरु सम्मान समारोह 5 सितंबर को

**उतई, 2 सितंबर।** ग्राम पंचायत पतोरा में शिक्षक दिवस और गुरु सम्मान समारोह का आयोजन 5 सितंबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम स्वामि आत्मानंद उमा शाला परिसर पतोरा में सुबह 11 बजे से रखा गया है।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुवारा शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा ।मुख्य अतिथि डॉ शिव कुमार पांडे पूर्व कुलपति रविशंकर होंगे ।यह जानकारी पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी दुर्ग अश्वनी साहू के दुवारा दी गई।

**एक नजर**

### एनडीए सहयोगी के रूप में मध्य प्रदेश में चुनावी तैयारियां तेज करेगा अपना दल (एस): डॉ. अतुल मलिकराम

**रायपुर/भोपाल,2 सितंबर।** अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार के साथ आगामी चुनावों की तैयारियां तेज करने के संकेत दिए हैं। प्रदेश संगठन और विभिन्न मंचों में नई जिम्मेदारियों की घोषणा के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए की सहयोगी है और वर्ष 2014 से गठबंधन का हिस्सा रहते हुए आगे भी इसकी मजबूती के लिए काम करेगी। डॉ. मलिकराम ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री दीदी अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में पार्टी एक दशक से अधिक समय से एनडीए के साथ है। गठबंधन की मजबूती प्राथमिकता है, लेकिन आगामी चुनावों के लिए पार्टी अपनी स्वतंत्र संगठनात्मक और चुनावी तैयारियां भी मजबूती से करेगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में पार्टी का लक्ष्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि उसे बूथ स्तर तक सक्रिय बनाना है। राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल के मार्गदर्शन में किसान, व्यापार, विधि, चिकित्सा, शिक्षक, आईटी, बौद्धिक वर्ग तथा अनुसूचित जाति-जनजाति जैसे विभिन्न मंचों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। डॉ. मलिकराम ने कहा कि पार्टी हर चुनाव को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश में अपनी राजनीतिक उपस्थिति मजबूत करेगी। मालवा-निमाड़, बुंदेलखंड, महाकौशल, विंध्य, चंबल और ग्वालियर अंचल तक संगठन के विस्तार के साथ किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक गतिविधियों के केंद्र में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीए के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अपना दल (एस) अपनी राजनीतिक पहचान और जनाधार को भी मजबूत करेगा।

### शोभित को थी चलने-फिरने की समस्या, सीएम हेल्पलाइन नंबर से त्वरित मिली बैटरीचलित ट्राइसाइकिल



**बलौदाबाजार, 2 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम रावन निवासी शोभित राम वर्मा के लिए भी सीएम हेल्पलाइन उनकी समस्या के समाधान का जरिया बनी। पेशे से टेलर का काम करने वाले शोभित राम वर्मा को गांव के एक व्यक्ति से सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने हेल्पलाइन पर फोन कर अपनी समस्या दर्ज कराई और समस्या के निराकरण के लिए आवेदन किया। उनकी शिकायत पर संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें समाज कल्याण विभाग के माध्यम से बैटरी चलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। समस्या का शीघ्र समाधान होने और बैटरी चलित ट्राइसाइकिल मिलने पर शोभित राम वर्मा काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान हुआ, जिससे उन्हें काफी सुविधा मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को आत्मीयता से विष्णु भैया कहते हुए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल से शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा है। सीएम हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में सुशासन और संवेदनशील प्रशासन का सशक्त माध्यम बन रही है।

### मरार समाज के उत्थान के लिए समन्वित प्रयास होंगे:राजेंद्र

**रायपुर, 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष श्री राजेंद्र नायक ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता कृषि एवं उद्यानिकी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े गरीब, पिछड़े, लघु और सीमांत किसानों तक पहुंचाना है। इसके लिए कृषि एवं संबद्ध विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने विशेष रूप से लघु एवं सीमांत किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि यही शाकम्भरी बोर्ड के गठन का मूल उद्देश्य है। नवा रायपुर स्थित उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी संचालनालय में सोमवार को आयोजित ''छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्भरी बोर्ड के संचालक मंडल की पहली बैठक'' को संबोधित करते हुए श्री नायक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को किसानों की आय बढ़ाने के लिए साझा कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

**निधन**

### मोहन राजपूत



**तिल्दा-नेवरा 2 सितंबर।** वरिष्ठ पत्रकार मोहन राजपूत के निधन पर भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ की इकाई छत्तीसगढ़ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। छत्तीसगढ़ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे एवं छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश संगठन सचिव नरेंद्र शर्मा ने मोहन राजपूत के निधन को पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मोहन राजपूत ने पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं और स्थानीय पत्रकारिता में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों एवं पत्रकार साथियों को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# मशीन के पास मनुष्य जैसा विवेक,नैतिकता नहीं हो सकती:संजीव

**रायपुर 2 सितंबर।** शहर के एक प्रतिष्ठित आयोजन स्थल सिविल लाइन में नव छत्तीसगढ़ साहित्यिक सांस्कृतिक संस्थान रायपुर द्वारा बुद्धिमत्ता और भविष्य की चुनौतियां का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि,लेखक,चिंतक स्तंभकार संजीव कुमार ठाकुर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार सिंह विशेष रूप से बेंगलुरु से इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। विशिष्ट अतिथि डॉ महेंद्र कुमार ठाकुर ज्योतिष एवं व्यंग कार, देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य लक्ष्मी नारायण पत्रकारिता महाविद्यालय, सौरभ शर्मा उपसंचालक जनसंपर्क, मीर अली मीर छत्तीसगढ़ी गीतकार एवं कवि व्यंग्यकार सुरेंद्र रावल थे।



कार्यक्रम कीअध्यक्षता कर रहे चिंतक, लेखक, स्तंभकार, संजीव ठाकुर ने कहा हमें,ढ्ढ से कतई भयभीत होने की नहीं, उसे जिम्मेदारी से समझने और इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। मशीन के पास बुद्धि जैसी क्षमता हो सकती है,लेकिन मनुष्य जैसा विवेक, करुणा और नैतिकता नहीं हो सकती कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य मशीनों से नहीं, मनुष्य के विवेक से तय होगी।एआई कविता लिख सकता है, चित्र बना सकता है और भाषा समझ सकता है, लेकिन मानवीय पीड़ा, प्रेम, करुणा और संवेदना को वास्तव में जी नहीं सकता। आर्टिफिशियल से इंटेलिजेंस से चुनौतियां भी है कि तस्वीर, आवाज और वीडियो बना सकता है। इससे समाज, लोकतंत्र और व्यक्ति की प्रतिष्ठा के सामने गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। पर चुकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मनुष्य ने हीं बनाया है वह हमारा सहायक हो सकता है हमारा गुरु नहीं बन सकता। मुख्य अतिथि बिजय कुमार सिंह मैं अपने उद्बोधन में कहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मनुष्य के मस्तिष्क के लिए कभी चुनौती नहीं हो सकता यह हमारे लिए एक सेवक की तरह है इसे कभी भी अपने मन मस्तिष्क में हावी न होने दिया जाए, मानव इसे मस्तिष्क का मालिक ना समझे ना ही इसके अनावश्यक इस्तेमाल को महत्व दिया जाए। विमर्श के दौरान साहित्य, तकनीक और समसामयिक चुनौतियों को लेकर सार्थक चर्चा हुई। साहित्यकारों एवं कवियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सकारात्मक उपयोग के साथ-साथ इससे जुड़ी चुनौतियों और मानवीय मूल्यों पर भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि तकनीकी विकास के साथ मानवीय संवेदनाओं और रचनात्मकता को बनाए रखना आवश्यक है।

विमर्श के पश्चात काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मंजूषा अग्रवाल, कल्याणी तिवारी, यशवंत कुमार चतुर्वेदी, मीर अली मीर, मन्नू लाल यदु, छबिलाल सोनी, रूनाली चक्रवर्ती, सुषमा प्रेम पटेल, शकुंतला तिवारी, अभिषेक शर्मा, उदयभान सिंह चौहान, भूपेंद्र कुमार शर्मा, यशवंत यदु, जे. एस. उरकरकर, विवेक कुमार एवं प्रिया वर्मा ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।

कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रकृति, देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, रिश्तों और मानवीय संवेदनाओं सहित विभिन्न विषयों को स्वर दिया। काव्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में साहित्यिक वातावरण को और समृद्ध किया। संचालन ऋषभदेव साहू ने किया। आयोजन में साहित्यकारों, कवियों एवं साहित्य प्रेमियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के माध्यम से तकनीकी विकास के साथ साहित्य, मानवीय संवेदनाओं और रचनात्मकता के संतुलन की आवश्यकता का संदेश दिया गया।

# वर्तमान पर फोकस करें, निरंतर सीखते रहें और समाज के लिए योगदान दें: डेका





**संत गोबिंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम**

**रायपुर, 2 सितंबर।** संत गोबिंदराम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, रायपुर में वर्ष 2026-27 में नवप्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम आज राज्यपाल श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं का राज्यपाल ने सम्मान भी किया।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने नवप्रवेशित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उनके जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह अध्याय उन्हें केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि एक जागरूक, सशक्त और संवेदनशील नागरिक के रूप में तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में कदम रखते ही छात्राएं उस गौरवशाली परंपरा की उत्तराधिकारी बन गई हैं, जिसने दशकों से बालिकाओं को ज्ञान और शिक्षा का प्रकाश प्रदान किया है।

श्री डेका ने महिलाओं की तुलना पानी से करते हुए कहा कि जिस प्रकार पानी के बिना जीवन अधूरा है, उसी प्रकार महिलाओं के बिना समाज भी अधूरा है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे अपने पास जो कुछ है, उससे संतुष्ट रहें, लेकिन अपने भविष्य को लेकर निरंतर प्रयास करती रहें। जीवन में आगे बढ़ने के अनेक अवसर और क्षेत्र हैं। यदि किसी एक क्षेत्र में सफलता नहीं मिलती है तो निराश होने के बजाय अन्य अवसरों का लाभ उठाकर कर आगे बढ़ना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि जीवन सतत सीखने की प्रक्रिया है और हम जीवनभर विद्यार्थी बने रहते हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप इंटरनेट युग के विद्यार्थी हैं , तकनीक ने ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, लेकिन तकनीक पर पूर्ण निर्भरता उचित नहीं है। इंटरनेट से बहुत कुछ सीखा जा सकता है, लेकिन यह मानव बुद्धि और विवेक का स्थान नहीं ले सकता। जीवन को सरल, सार्थक और बेहतर बनाने के लिए ज्ञान प्राप्त करना तथा उसका विवेकपूर्ण उपयोग करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हमें केवल यह नहीं सोचना चाहिए कि समाज ने हमें क्या दिया, बल्कि यह भी विचार करना चाहिए कि हम समाज, अपने पड़ोस और देश की बेहतरी के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। जीवन अनमोल है, इसलिए इसे अनावश्यक चिंताओं में व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करते हुए कठोर परिश्रम करना चाहिए। निरंतर प्रयासों से भविष्य निश्चित रूप से बेहतर बनेगा।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षकों का योगदान अमूल्य है, जिसे पैसों में नहीं मापा जा सकता। शिक्षकों को भी अपने आचरण और व्यवहार से विद्यार्थियों के सामने ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे वे उनसे प्रेरणा ले सकें।

उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने समाज के लिए छोटे-छोटे सकारात्मक योगदान करें। उनके ये छोटे प्रयास मिलकर समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की उन प्रतिभाशाली छात्राओं को राज्यपाल ने सम्मानित किया, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और कुशाग्रता से महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, संत श्री युधिष्ठिर लाल, महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती उषा किरण अग्रवाल, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## 'डिजिटल अरेस्ट' और फर्जी कॉल्स से बचाव के बताए तरीके

**बलौदाबाजार 2 सितंबर।** साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' के तीसरे सप्ताह (30 अगस्त से 05 सितंबर 2026) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 01.09.2026 को थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा ग्राम करमदा में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने भाग लिया। डिजिटल अरेस्ट एवं फर्जी कॉल से सुरक्षा पर विशेष ध्यानः- ?तीसरे सप्ताह की मुख्य विषय-वस्तु के तहत पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीणों को वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे गंभीर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गयाः पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को आधिकारिक बैनर/पोस्टर पर दिए गए त्तक्र कोड को स्कैन कर अपनी जागरूकता की एक सेल्फी लेने तथा इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर कर अन्य लोगों को भी प्रेरित करने के लिए कहा गया।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विश्वस्तरीय वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का किया निरीक्षण



**रायपुर 2 सितंबर।** शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति के गुजरात अध्ययन दौरे के तहत सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अहमदाबाद स्थित विश्वस्तरीय वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की तैयारियों, खेल सुविधाओं के विस्तार तथा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की सहभागिता पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। लगभग 21 एकड़ में ?825 करोड़ की लागत से विकसित यह आधुनिक परिसर अत्याधुनिक एक्वेटिक्स सेंटर, इंडोर मल्टी-स्पोर्ट्स एरिना, आउटडोर जोन और 'फिट इंडिया' जोन जैसी विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, जब सरकार, समाज और निजी क्षेत्र मिलकर खेलों में निवेश करते हैं, तो केवल स्टेडियम नहीं बनते बल्कि देश के लिए नए चैंपियन तैयार होते हैं। यह परिसर राष्ट्रमंडल खेल 2030 और 2036 ओलंपिक मेजबानी के लिए भारत के संकल्प को सशक्त आधार प्रदान करेगा। खेल का मैदान जितना मजबूत होगा, भारत के पदकों का भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा।

## छतौद में फैक्ट्री लगाने की कोशिश का ग्रामीणों ने किया जोरदार विरोध

**ग्राम सभा ने एनओसी देने से किया साफ इंकार,,तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 2 सितंबर।** ग्राम पंचायत छतौद में तारणी स्टील LLP द्वारा औद्योगिक प्लांट स्थापित करने के प्रयास का ग्रामीणों ने एकजुट होकर कड़ा विरोध किया है। कंपनी द्वारा गांव की लगभग 27 एकड़ भूमि में प्लांट स्थापित करने के लिए ग्राम पंचायत से NOC की मांग की गई थी, जिसके विरोध में ग्रामीणों ने ग्राम सभा में अपना स्पष्ट मत रखते हुए NOC नहीं देने का प्रस्ताव पारित किया।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि गांव की जमीन केवल उद्योग लगाने के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों, कृषि एवं पशुधन के लिए सुरक्षित रहनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि उद्योग के नाम पर गांव की बेशकीमती जमीन को निजी कंपनियों के हवाले करने का निर्णय किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित होने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर शासन-प्रशासन से मांग की कि छतौद में किसी भी प्रकार के औद्योगिक प्लांट अथवा फैक्ट्री की स्थापना की अनुमति न दी जाए।

ग्रामीणों ने शासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ग्राम सभा के प्रस्ताव और ग्रामीणों की भावनाओं को दरकिनार कर छतौद में किसी फैक्ट्री की स्थापना अथवा भूमि का औद्योगिक उपयोग करने की कोशिश की गई, तो इसका व्यापक स्तर पर विरोध किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें विकास से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन विकास के नाम पर गांव की जमीन, पर्यावरण और भविष्य से समझौता कतई मंजूर नहीं है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि छतौद में यदि शासन को कोई जनहितकारी निर्माण करना ही है तो अस्पताल, कॉलेज, स्कूल या अन्य सार्वजनिक उपयोग की सुविधा विकसित की जाए, जिसका लाभ पूरे क्षेत्र को मिले। लेकिन किसी निजी उद्योग के लिए गांव की जमीन और चारागाह को सुरक्षित रखने की मांग से पीछे नहीं हटेंगे। ग्राम सभा का निर्णय सर्वोपरि है, छतौद की जमीन पर उद्योग नहीं लगने देंगे। इस दौरान ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि, विधायक प्रत्याशी महेश साहू एवं जिला पंचायत प्रत्याशी अविराज साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में औद्योगिक प्लांट का विरोध किया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि छतौद की भूमि को भविष्य में औद्योगिक प्रयोजनों के लिए चिन्हित अथवा आवंटित न किया जाए और गांव की चारागाह एवं कृषि उपयोग की भूमि को स्थायी रूप से सुरक्षित रखा जाए। ग्रामीणों का स्पष्ट संदेश है–विकास के नाम पर विनाश मंजूर नहीं, गांव की जमीन बिकने नहीं देंगे और ग्राम सभा के अधिकारों की अनदेखी नहीं होने देंगे।

## सनातन धर्म व्यवस्था और विश्व कल्याण पर सलधा में मंथन



**रायपुर 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख सिंधी संतों एवं समाजसेवकों का एक प्रतिनिधिमंडल 6 सितंबर को बेमेतरा जिले के सलधा गांव पहुंचेगा, जहां ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के चातुर्मास व्रत महोत्सव के अवसर पर विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में रायपुर सहित आसपास के जिलों से करीब 100 महिला एवं पुरुष समाजसेवकों के शामिल होने की संभावना है। बैठक में सनातन वैदिक सिद्धांतों पर आधारित धर्म व्यवस्था, भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने तथा विश्व कल्याण के लिए देश में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में सिंधी समाज की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक का आयोजन सलधा स्थित मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश एवं सिंधी समाज के संत साईं जलकुमार मसन्द साहिब के नेतृत्व में किया जा रहा है। बताया गया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने प्रयागराज में आयोजित पिछले कुंभ मेले के दौरान साईं मसन्द साहिब को 108 देशों के अंतरराष्ट्रीय हिंदू संगठन परम धर्म संसद 1008 का संगठन मंत्री नियुक्त किया था। इसके अलावा मुंबई चातुर्मास व्रत महोत्सव के दौरान देशव्यापी गौमाता राष्ट्रमाता अभियान के अंतर्गत उन्हें गौ संसद का सचेतक भी नियुक्त किया गया। आयोजकों के अनुसार, साईं जलकुमार मसन्द साहिब पिछले 12 वर्षों से पूज्यपाद शंकराचार्यों एवं अन्य संतों के सहयोग से सनातन वैदिक सिद्धांतों पर आधारित धर्म व्यवस्था और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के उद्देश्य से अभियान चला रहे हैं। उनका कहना है कि भारत की स्वतंत्रता का मूल उद्देश्य देश की अपनी सांस्कृतिक एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप व्यवस्था स्थापित करना और विश्व कल्याण की दिशा में भारत की भूमिका को मजबूत करना रहा है।

## स्कूल में साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था की समस्या, पालकों ने की शिकायत



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 2 सितंबर।** पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिमगा में साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर पालकों ने नाराजगी बताई है। पालकों का आरोप है कि विद्यालय में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के साथ ही विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है इससे बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

पालको ने बताया कि कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए गणित एवं हिंदी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई नहीं होने की शिकायत है। पढ़ाई प्रभावित होने के कारण विद्यार्थियों को निजी ट्यूशन का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे पालको पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए बच्चों की ट्यूशन करना कठिन हो रहा है।

पालकों का कहना है कि कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा विद्यार्थीयों के भविष्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है यदि समय रहते शिक्षण व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो इसका असर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम पर पड़ सकता है। इन समस्याओं को लेकर पालको द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को 1 सितंबर 2026 को लिखित आवेदन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है,आवेदन की प्रतिलिपि जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है। विद्यालय में साफ सफाई पेयजल तथा नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हित में संबंधित अधिकारियों द्वारा शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किया जाए।

## बारिश के कारण हुई क्षति के लिये मुआवजा राशि का शीघ्र करें भुगतान:कलेक्टर

**बलौदाबाजार,2 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय- सीमा की बैठक मे विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों मे हुए मकान एवं अन्य परिसम्पत्ति की क्षतिपूर्ति हेतु प्रकरण तत्काल तैयार कर सम्बंधितो को शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि कुछ दिनों से जिले मे लगातार बारिश हो रही हैं जिसके कारण यदि किसी किसी प्रकार की क्षति हुई होगी तो आरबीसी 6(4) के तहत क्षति का आकलन कर मुआवजा राशि प्रकरण तैयार करें। उन्होंने राजस्व विभाग द्वारा 76 अ के तहत ऋण राशि की वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि 3 माह मे लगभग 3 करोड़ 76 लाख रुपये की वसूली हुई है। यह अभियान लगातार जारी रहे और जिन बकायादारों ने अब तक जमा नहीं किया हैं उन्हें सम्बंधित तहसील मे राशि जमा करने प्रेरित करने कहा। कलेक्टर ने एनएच 130 बी के फोर लेन निर्माण हेतु खरतोरा से सड़क के दोनों तरफका सर्वे कार्य मे तेजी लाने एवं 15 सितंबर तक़ पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही इस एनएच के किनारे अतिक्रमण हटाने अभियान चलाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे के सभी अस्थाई अतिक्रमण पर शीघ्र कार्यवाही करें।

## एक नजर

### शिक्षा का स्तर सुधारने अब जमीनी स्तर पर व्यवस्था की समीक्षा : गजेंद्र यादव



**जगदलपुर, 2 सितंबर।** बस्तर संभाग की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार अब जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने जा रही है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव बस्तर दौरे पर पहुंचे हैं। अपने दौरे के दौरान वे सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले में स्कूलों, पोटा केबिन और छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की शैक्षणिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे

**बंद स्कूलों को दोबारा शुरू करने की तैयारी**-शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभिन्न कारणों से बंद पड़े स्कूलों को फिर से शुरू करने की दिशा में सरकार काम कर रही है। इसके साथ ही जर्जर और अति-जर्जर स्कूल भवनों की समस्या का भी समाधान किया जाएगा। सरकार भारत सरकार के सहयोग से स्कूल भवनों के सुधार और निर्माण को लेकर योजना तैयार कर रही है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में बस्तर के स्कूलों में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बस्तर में संचालित पोटा केबिनों को लेकर भी सरकार बड़ी योजना पर काम कर रही है। शिक्षा मंत्री के मुताबिक भारत सरकार के सहयोग से पोटा केबिनों को पक्के और स्थायी भवनों के साथ छात्रावास सुविधाओं से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। दौरे के दौरान मंत्री स्वयं पोटा केबिन, स्कूल और छात्रावासों की स्थिति का जायजा लेंगे। इसके आधार पर व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। शिक्षकों के संलग्नीकरण को लेकर शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि अब बिना जरूरी प्रक्रिया के शिक्षकों का संलग्नीकरण नहीं किया जाएगा। शिक्षकों को उनके मूल स्कूल में ही पदस्थ रहना होगा। उन्होंने बताया कि पहले बस्तर सहित प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे स्कूल थे, जहां शिक्षक उपलब्ध नहीं थे। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आगामी शिक्षक भर्तियों में बस्तर क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देने पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए आवश्यकता के अनुसार अतिथि शिक्षकों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा।

### जीजा को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपित धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार

**कोंडागांव, 2 सितंबर।** जिले के केशकाल थाना क्षेत्र में चार धारदार हथियार लेकर उपरपारा बिसेन बाड़ी बस्ती में घूमने और अपने जीजा को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने 1 सितंबर को एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद भी आरोपी का रवैया पुलिस के लिए हैरान करने वाला रहा।पूछताछ के दौरान उसने हथियारों के इस्तेमाल और उनसे वार करने का तरीका पुलिस को बताया। इतना ही नहीं, उसने हथियारों के साथ अपनी फोटो खिंचवाने की मांग भी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस घटना के पीछे के विवाद और आरोपी द्वारा दी गई धमकी के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार आरोपी खुलेआम बस्ती में हथियार लहरा रहा था, और अपने जीजा अकरम हुसैन को जान से मारने की धमकी दे रहा था। सूचना मिलते ही केशकाल पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चार धारदार हथियार मिले। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 12 इंच लंबी कटार /गुप्ती नुमा चाकू, करीब 6.1 इंच लंबा बिछ्वा नुमा चाकू, करीब 17 इंच लंबा लोहे का बंडा और करीब 12 इंच लंबी छुरी बरामद की। सभी हथियार गवाहों की मौजूदगी में जब्त किए गए। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी का रवैया सामान्य से अलग नजर आया। गिरफ्तारी के बाद भी उसके चेहरे पर हथियारों को लेकर कोई डर नहीं दिखा। पूछताछ के दौरान उसने पुलिसकर्मियों को अलग-अलग हथियारों से वार करने और इस्तेमाल करने का तरीका तक बताया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने हथियारों के साथ अपनी फोटो खिंचवाने की मांग भी की।

### सवा करोड़ फूंकने के बाद ऑक्सीजन जोन चारागाह में तब्दील

**जगदलपुर, 2 सितंबर।** चित्रकोट मार्ग पर ग्राम टेकामेटा स्थित ऑक्सीजन जोन को सवा करोड़ रूपए खर्च कर संवारा गया था, लेकिन अब यह मवेशी चराने के काम आ रहा है। ऑक्सीजन जोन प्रदेश का पहला मानव निर्मित था, लेकिन विभाग की अनदेखी के कारण बदहाल होता गया। हालांकि हर साल यहां पौधरोपण किया जाता रहा, पर पौधे नहीं बच पाते थे। इसे देखते हुए ऑक्सीजन जोन को पार्क के रूप में विकसित किया गया था।उल्लेखनीय है कि चित्रकोट मार्ग पर जलप्रपात की खूबसूरती को निहारने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। रास्ते में ग्राम छापर भानपुरी में फूलों वाली पहाड़ी है, इसके अलावा कहीं पर भी रास्ते में मनोरंजन का साधन नहीं है। इसे देखते हुए ऑक्सीजन जोन को पार्क के रूप में विकसित करने खनिज संस्थान न्यास से 1 करोड़ 32 लाख रूपए खर्च किया गया था और ऑक्सीजन जोन को सुरक्षित करने के साथ ही अन्य निर्माण कार्य भी किए गए थे। इसके बाद से यहां ताला लगा हुआ था, लेकिन अब ग्रामीण यहां मवेशी चरा रहे हैं। ऑक्सीजन जोन में जिन निर्माण कार्यों में पैसे खर्च किए गए हैं, उनमें 28.37 लाख की लागत से 2000 मीटर सीसी सड़क, 59.92 लाख की लागत से 3000 मीटर चैनलिंक फैंसिंग, 6.4 लाख की लागत से 4 नग पैगोड़ा, 4.30 लाख की लागत से मुख्य द्वार, 31.73 लाख की लागत से 1 तालाब और 2 लाख की लागत से चौकीदार कक्ष एवं स्टोर का निर्माण शामिल है।

# 20 साल बाद पट्टे के लिए सड़क पर उतरे नक्सल पीड़ित








■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 2 सितंबर।** एक तरफ नक्सली हिंसा से उजड़े परिवारों को पुनर्वास और सुरक्षा देने की बातें होती हैं, दूसरी तरफ करीब 20 साल से शहर में रह रहे नक्सल पीड़ित परिवार आज भी अपनी जमीन के अधिकार के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। मंगलवार को इन परिवारों का वर्षों से दबा आक्रोश खुलकर सामने आया। बड़ी संख्या में नक्सल पीड़ित परिवारों और वार्डवासियों ने नगरपालिका कार्यालय का घेराव कर अपना विरोध दर्ज कराया और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम बीजापुर को ज्ञापन सौंपा। पीड़ित परिवारों की मांग है कि उन्हें स्थाई राजस्व पट्टा दिया जाए और जब तक पट्टे की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक किसी भी घर पर बेदखली या तोड़फोड़ की कार्रवाई न की जाए।

### घर छोड़कर जाएं तो जाएं कहां?

प्रदर्शन के दौरान पीड़ित परिवारों का दर्द साफ दिखाई दिया। उनका कहना था कि वे किसी सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से बीजापुर नहीं आए थे। वे नक्सली हिंसा से बचने के लिए मजबूरी में यहां पहुंचे थे। करीब 20 वर्षों से शहर में रहने के बाद अब उनका जीवन इसी शहर से जुड़ चुका है। ऐसे में यदि उनके मकानों पर कार्रवाई होती है तो उनके सामने कोई दूसरा ठिकाना नहीं है।

**नक्सलियों ने डराकर गांव छीना, अब क्या शहर भी छिनेगा?**

वर्ष 2005 में सलवा जुडूम के दौर में नक्सली हिंसा का भय चरम पर था। जान बचाने के लिए अनेक परिवारों ने अपना गांव, पुश्तैनी मकान और अपनी जड़ें छोड़ दीं। बीजापुर पहुंचे इन परिवारों ने यहां मजदूरी और छोटे-मोटे काम करके जिंदगी दोबारा खड़ी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने बीजापुर में वर्षों की मेहनत से अपने घर बनाए हैं। उनके बच्चे यहीं बड़े हुए, परिवारों की रोजी-रोटी यहीं जुड़ी है। ऐसे में घर खाली करने अथवा तोड़फोड़ की कार्रवाई की बात सामने आते ही परिवारों के सामने फिर से उजड़ने का संकट खड़ा हो जाता है।

### सात वार्डों में बसे हैं पीड़ित परिवार

नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 1, 7, 8, 9, 10, 11 और 12 में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार वर्षों से निवासरत हैं। अधिकांश परिवार मजदूरी और छोटे व्यवसायों के सहारे अपना जीवन चला रहे हैं। इतने लंबे समय से निवास के बावजूद उन्हें स्थाई राजस्व पट्टा नहीं मिल पाया है। यही वजह है कि जमीन पर कानूनी अधिकार को लेकर असुरक्षा बनी हुई है।

### पट्टा नहीं मिला तो आंदोलन होगा तेज

ज्ञापन के जरिए पीड़ित परिवारों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में संबंधित वार्डों में लंबे समय से निवासरत नक्सल पीड़ित परिवारों को स्थाई राजस्व पट्टा देना और पट्टा मिलने तक बेदखली व तोड़फोड़ की कार्रवाई रोकना शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को आने वाले दिनों में और व्यापक किया जाएगा।

### विधायक मंडावी बोले-20 साल बाद भी पट्टा नहीं मिलना अन्याय

बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने नक्सल पीड़ित परिवारों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि सलवा जुडूम के समय वर्ष 2005 से नक्सली पीड़ित परिवार बीजापुर में स्थाई रूप से बसे हुए हैं। इनमें अधिकांश गरीब और मजदूर परिवार हैं।

उन्होंने कहा कि बीस वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इन परिवारों को पट्टा नहीं मिलना अन्याय है।विधायक ने सरकार से मांग की कि नक्सल पीड़ित परिवारों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्हें तत्काल स्थाई राजस्व पट्टा दिया जाए। साथ ही पट्टे की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी पीड़ित परिवार के घर को नहीं तोड़ा जाए। नक्सल प्रभावित बस्तर में विस्थापन कोई सामान्य समस्या नहीं रही है। हिंसा के कारण वर्षों पहले अपना गांव छोड़कर शहर में बसे परिवारों के लिए जमीन का अधिकार केवल कागजी प्रक्रिया नहीं, बल्कि स्थायित्व और सुरक्षा का सवाल है। अब देखना होगा कि पीड़ित परिवारों के इस आंदोलन के बाद शासन-प्रशासन उनकी मांग पर क्या निर्णय लेता है और दो दशक से लंबित पट्टे का यह मामला आखिर कब अपने मुकाम तक पहुंचता है। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नक्सल पीड़ित परिवार और आमजन मौजूद रहे।

# बीटीओए वार्षिक चुनाव में घोषणापत्र को सिर्फ चुनावी झुनझुना कह रहे सदस्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**बचेली, 2 सितंबर।** बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन (B.T.O.A.) के वार्षिक चुनाव की घोषणा होते ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही संभावित प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की सक्रियता भी बढ़ने लगी है। चुनावी मैदान में उतरने वाले दावेदार ट्रक मालिकों के हित में बड़े-बड़े वादे और घोषणाएं करने प्रारंभ कर दिए हैं।

लेकिन ट्रक मालिकों के बीच अब एक सवाल भी चर्चा का विषय बना हुआ है-क्या चुनावी घोषणाएं वास्तव में चुनाव के बाद भी याद रहती हैं हर चुनाव में दर्जनों लोग ट्रक मालिकों के हितैषी बनकर सामने आते हैं। कोई भाड़ा बढ़ाने की बात करता है, कोई लोडिंग पॉइंट जाने वाली सड़क बनवाने की ,कोई पार्किंग व्यवस्था की तो कोई स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को प्राथमिकता दिलाने का दावा करता है, तो कोई एसोसिएशन में पारदर्शिता और सदस्यों के हितों की रक्षा का भरोसा देता है। मगर आरोप यह भी लगते रहे हैं कि चुनाव जीतने के बाद कई घोषणाएं पुर्ण तो नहीं होती प्रन्तु वादे धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में जरूर चले जाते हैं।वहीं चुनाव हारने वाले प्रत्याशी भी चुनाव परिणाम के बाद अक्सर सार्वजनिक गतिविधियों से गायब नजर आते हैं। ऐसे में ट्रक मालिकों के बीच यह चर्चा तेज है कि चुनावी मौसम में दिखाई देने वाले 'हितैषी' आखिर चुनाव के बाद कहां चले जाते हैं?

### 20 सितंबर को होगा मतदान

जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 8 और 9 सितंबर 2026 को होगी। नाम वापसी 11 सितंबर तक, स्क्रूटनी 12 सितंबर को तथा चुनाव चिन्ह आवंटन भी 12 सितंबर को किया जाएगा। 20 सितंबर 2026 को सुबह 7.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक मतदान होगा तथा शाम 4.30 बजे से मतगणना प्रारंभ की जाएगी।अब देखना दिलचस्प होगा कि इस बार चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी वादों और घोषणाओं से आगे बढ़कर ट्रक मालिकों के सामने ठोस कार्ययोजना रखते हैं या फिर घोषणा पत्र एक बार फिर सिर्फ चुनावी 'झुनझुना' बनकर रह जाता है।ट्रक मालिकों की निगाहें अब प्रत्याशियों के घोषणा पत्र, वादों और चुनाव के बाद उनके वास्तविक कामकाज पर टिकी हैं।

# बीजापुर में बिजली विभाग की लापरवाही बनी जानलेवा!



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 2 सितंबर।** जिले में बिजली विभाग की कथित लापरवाही का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। बासागुड़ा क्षेत्र में बिजली फॉल्ट की शिकायत के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं होने के आरोप के बीच 26 वर्षीय युवक देवेंद्र पुजारी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इससे पहले कोंडापल्ली क्षेत्र में भी विद्युत करंट की चपेट में आने से हादसा हो चुका है। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने बिजली व्यवस्था और विभागीय निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कई दिनों से फॉल्ट, शिकायत के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

बासागुड़ा में बताया जा रहा है कि क्षेत्र में कई दिनों से बिजली संबंधी फॉल्ट की शिकायत की जा रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद समस्या का समय पर निराकरण नहीं किया गया। इसी दौरान 26 वर्षीय देवेंद्र पुजारी बिजली खंभे पर चढ़ गया। खंभे पर चढ़ने के दौरान वह चालू विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई।कोंडापल्ली की घटना के बाद भी नहीं चेता विभाग?बासागुड़ा की घटना से पहले कोंडापल्ली क्षेत्र में भी विद्युत करंट से हादसा हो चुका है। इसके बावजूद विद्युत लाइनों, फॉल्ट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभाग की गंभीरता पर सवाल उठ रहे हैं। लगातार हो रहे हादसों के बाद ग्रामीणों का कहना है कि बिजली व्यवस्था में तकनीकी खामियों और शिकायतों के निराकरण को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को गंभीरता से काम करना चाहिए।

### शिकायतों की अनदेखी कितनी भारी?

बासागुड़ा की घटना ने सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा किया है कि यदि बिजली फॉल्ट की शिकायतें पहले से मिल रही थीं, तो विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई? वहीं यह भी जांच का विषय है कि चालू विद्युत लाइन तक युवक कैसे पहुंचा और मौके पर सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा था या नहीं।

### पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।लगातार हो रहे विद्युत हादसों ने जिले की बिजली व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। अब जरूरत सिर्फ हादसे के बाद कार्रवाई की नहीं, बल्कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विद्युत लाइनों और शिकायतों की तत्काल जांच तथा जिम्मेदारी तय करने की है।

### स्मार्ट क्लास के नाम फूंके एक करोड़, अंदरूनी इलाको के बच्चे झोपड़ी में पढ़ने को मजबूर:शुक्ला

**कांकेर, 2 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संयुक्त महासचिव उमाशंकर शुक्ला ने बताया कि जिले के दूरस्थ आदिवासी इलाकों में बच्चे आज भी बांस और झोपड़ीनुमा कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल के कार्यकाल के दौरान पीएमश्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों के लिए करीब एक करोड़ रुपये के उपकरणों की खरीदी की गई है। उन्होने बताया कि जिले के मुख्यालय और शहरी क्षेत्रों के आस-पास कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के दौरान खोले गये आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के नाम पर आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से स्मार्ट क्लास के लिए लगभग आठ लाख रुपये कीमत के 98 इंच के सोलिटेयर इंटरैक्टिव पैनल विद ओपीएस आई 5 उपकरण खरीदे गए। ऐसे करीब 10 उपकरण खरीदे गए हैं।

# समीक्षा बैठक से जनप्रतिनिधि 'गायब'! निमंत्रण नहीं मिलने पर शिक्षा समिति सभापति भड़के

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के बीजापुर दौरे के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का मामला सामने आने से प्रशासनिक गलियारों में हलचल मच गई है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति पेरे पुलैय्या को बैठक में आमंत्रण नहीं मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई है। मामला सामने आने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने कलेक्टर से बात की, जिसके बाद प्रशासन आनन-फानन में सभापति को बैठक में बुलाने की तैयारी में जुट गया।

### 'सभापति हूं, फिर भी निमंत्रण क्यों नहीं?'

बैठक में आमंत्रित नहीं किए जाने से नाराज पेरे पुलैय्या ने प्रशासन और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वे जिला पंचायत की शिक्षा समिति के सभापति हैं और जिले की शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में उन्हें ही आमंत्रित नहीं किया गया। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों के अधिकारों और सम्मान की अनदेखी बताया।

सभापति ने स्पष्ट कहा कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों की शिकायत करेंगे। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई।

### अध्यक्ष ने संभाला मोर्चा, प्रशासन की बढ़ी सक्रियता

मामला तूल पकड़ता देख जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने कलेक्टर से बातचीत की। इसके बाद प्रशासन की ओर से सभापति को बैठक में बुलाने की कवायद शुरू कर दी गई। अचानक सामने आए इस घटनाक्रम ने यह सवाल खड़ा कर दिया कि यदि बैठक में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी जरूरी थी तो उन्हें समय रहते निमंत्रण क्यों नहीं भेजा गया?

### जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के आरोप पर पहले भी उठते रहे हैं सवाल

जिला प्रशासन पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा किए जाने के आरोप पहले भी सामने आते रहे हैं। अब शिक्षा समिति के सभापति को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक से दूर रखने का मामला सामने आने के बाद जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच समन्वय को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों की निगरानी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, ऐसे में जिले से जुड़े अहम विषयों की समीक्षा बैठकों में उन्हें नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

### बैठक से पहले ही गरमाया माहौल

शिक्षा मंत्री के दौरे के दौरान होने वाली समीक्षा बैठक से पहले ही निमंत्रण को लेकर विवाद खड़ा हो गया। अब देखना होगा कि इस पूरे मामले पर प्रशासन की ओर से क्या स्पष्टीकरण दिया जाता है और जनप्रतिनिधियों की ओर से उठाई गई शिकायत पर आगे क्या कार्रवाई होती है।

### धनियालूर में पॉक्सो, बाल विवाह और साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यशाला

**जगदलपुर, 2 सितंबर।** ग्राम पंचायत धनियालूर में पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह एवं साइबर अपराध को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीएसजेवीएस सचिव डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय के निर्देशन तथा फील्ड ऑफिसर डॉ. नारायण दास पंथ के नेतृत्व में पुलिस विभाग एवं बीएसजेवीएस चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम की संयुक्त टीम ने कार्यशाला आयोजित की।कार्यशाला में डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय ने पॉक्सो अधिनियम एवं बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों, बच्चों की सुरक्षा तथा बाल विवाह के सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी।

## समाचार संक्षेप


### फिंगरप्रिंट और एमसीयू प्रशिक्षण से वैज्ञानिक विवेचना होगी और बेहतर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 2 सितंबर।** अपराध अनुसंधान को अधिक वैज्ञानिक और सटीक बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर बीजापुर में फिंगरप्रिंट एवं MCU (मोबाइल क्राइम यूनिट) संबंधी प्रशिक्षण एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने तथा आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान पुलिस मुख्यालय रायपुर की फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट अंजली मिंज ने फिंगरप्रिंट के वैज्ञानिक संकलन, सुरक्षित संरक्षण और अपराध अनुसंधान में उसकी उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से घटनास्थल पर उपलब्ध फिंगरप्रिंट सहित अन्य महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्यों की पहचान और उनके सुरक्षित संकलन की प्रक्रिया समझाई गई।साक्ष्य से लेकर परीक्षण तक वैज्ञानिक प्रक्रिया पर जोरप्रशिक्षण में घटनास्थल से मिले महत्वपूर्ण साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से चिन्हांकित करने, उनका संकलन एवं संरक्षण करने तथा आवश्यकता के अनुसार परीक्षण के लिए भेजने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को बताया गया कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के सही तरीके से संकलन और संरक्षण से विवेचना को अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। इसके साथ ही स्र्ब्ट के कार्यों एवं उपयोगिता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने में उपयोग होने वाले उपकरणों, तकनीकी संसाधनों और उनकी उपयोगिता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बीजापुर पुलिस द्वारा अपराध अनुसंधान में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों के इस्तेमाल को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। पुलिस का उद्देश्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर विवेचना को अधिक सटीक, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाना है, ताकि अपराधों की जांच में तकनीकी दक्षता का बेहतर उपयोग हो सके। प्रशिक्षण एवं निरीक्षण कार्यक्रम में ष्ठस्क्क मुख्यालय अभिषेक केशरी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कागजों में नहीं, धरातल पर दिखे योजनाओं का लाभः कलेक्टर विश्वदीप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 2 सितंबर।** शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और विकास कार्यों की वास्तविक प्रगति धरातल पर दिखाई दे, इसे लेकर कलेक्टर विश्वदीप ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयीन रिपोर्ट तक सीमित न रहें, बल्कि मैदानी स्तर पर योजनाओं की वास्तविक स्थिति की नियमित निगरानी करें। किसी भी स्तर पर समस्या सामने आने पर विभागीय समन्वय से उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।आवास निर्माण में तेजी, हितग्राहियों को दूसरी योजनाओं से जोड़ने पर जोरप्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों से लगातार संपर्क बनाए रखने और आवास निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों के आवास पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें पात्रतानुसार अन्य शासकीय योजनाओं से भी जोड़ा जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल एक योजना तक सीमित न रहे और परिवारों को समग्र रूप से लाभ मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास एवं रोजगारमूलक कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

कलेक्टर ने जिले के आश्रम, छात्रावास और आवासीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं को लेकर भी अधिकारियों को सख्त निगरानी के निर्देश दिए। नामजद अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर भोजन, पेयजल, स्वच्छता, आवास, बिजली, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति जांचने को कहा गया।विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप संसाधन उपलब्ध हैं या नहीं, इसकी भी जांच करने और कमी मिलने पर संबंधित विभाग को तत्काल जानकारी देने के निर्देश दिए। परिसर में जलभराव और मच्छरों के प्रजनन की स्थिति रोकने के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

एक नजर

## जनऔषधि केंद्र में 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध



**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जिले में संचालित प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों में आम नागरिकों को किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। इन केंद्रों में ब्रांडेड दवाओं की तुलना में कई दवाएं लगभग 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध होती हैं। इससे उपचार पर होने वाले खर्च को कम करने में मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक राहत मिल रही है। इन केंद्रों पर विभिन्न प्रकार की आवश्यक जेनेरिक दवाओं के साथ सर्जिकल एवं अन्य चिकित्सा संबंधी उत्पाद भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता से आम नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हो रही हैं।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे ने मेडिकल कॉलेज परिसर में संचालित प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध दवाइयों की संख्या, बिक्री तथा मरीजों को जनऔषधि की सुविधा सहज एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री पठारे ने केंद्र में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को उनकी जरूरत की दवाएं समय पर और आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए ।

## शांति समिति की बैठक में व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश



**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जन्माष्टमी पर्व एवं झूला उत्सव के दौरान रायगढ़ शहर में श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलेक्ट्रेट स्थित सृजन सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित कर कानून-व्यवस्था, यातायात, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समाज प्रमुख एवं आयोजन से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व रायगढ़ में बड़े स्तर पर मनाया जाता है। उन्होंने पर्व के दौरान प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विभागों को उनके दायित्वों से अवगत कराया। साथ ही समाज प्रतिनिधियों से भी आवश्यक व्यवस्थाओं और सुविधाओं को लेकर सुझाव लिए गए तथा संबंधित विभागों को समय पर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे संचालित अवस्था में रखने तथा उनके डिस्प्ले की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पेयजल, विद्युत एवं साफ-सफाई व्यवस्था के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं पुलिस विभाग द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों एवं भीड़ वाले स्थानों पर अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

अक्टूबर से पहले पूरी होगी डीपीआर से टेंडर तक की प्रक्रिया, हर 15 दिन में होगी प्रगति की समीक्षा

# बारिश थमते ही रफ्तार पकड़ेंगे निर्माण कार्य, जून तक पूरा करने कलेक्टर ने तय की समय-सीमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जिले में संचालित महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को गति देने और नए निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारने के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट में निर्माण एजेंसियों और संबंधित ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले में संचालित महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति के साथ ही नए कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति से लेकर टेंडर प्रक्रिया तक की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि बारिश थमने के बाद निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए आगामी जून माह तक निर्धारित कार्यों को पूर्ण करने के लिए सभी निर्माण एजेंसियां अभी से ठोस और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें। नए निर्माण कार्यों के लिए डीपीआर तैयार करने, प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने, टेंडर प्रक्रिया तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजी कार्यों को अक्टूबर माह से पहले पूर्ण कर लिया जाए, ताकि बारिश के बाद और अक्टूबर से कार्यों को तेजी के साथ जमीनी स्तर पर शुरू किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और इनमें किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करना होगा। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के





निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जिले में संचालित महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की प्रगति की हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के दौरान कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली जाएगी। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों, अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होने देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही अथवा गुणवत्ता संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण और सुपरविजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपना शत-प्रतिशत योगदान सुनिश्चित करें, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत का अवसर न मिले।

कलेक्टर ने नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग सेतु, हाउसिंग बोर्ड सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की। नगर निगम क्षेत्र में संचालित नालंदा परिसर, मरीन ड्राइव, स्टेडियम, तालाब सौंदर्यीकरण, नाला निर्माण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कार्यों में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए।

### फोरलेन, रिंग रोड और प्रमुख सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

बैठक में जिले की प्रमुख सड़क एवं फोरलेन परियोजनाओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इनमें कनौत-कमतरा मार्ग, चरखापारा-ससकोबा-बंधनपुर मार्ग, ढिमरापुर चौक से कोतरा थाना चौक फोरलेन, कोड़ातराई-पुसौर-सूरजगढ़ मार्ग, रायगढ़ शहर के लिए रिंग रोड-बायपास मार्ग, रायगढ़-कोतरा-नंदेली फोरलेन, रायगढ़-लोइंग-महापल्ली फोरलेन, खरसिया बायपास, छाल से खरसिया मार्ग, ढिमरापुर से पतरापाली फोरलेन, टीवी टावर रोड से मेडिकल कॉलेज फोरलेन तथा उर्दना चौक से सर्किट हाउस फोरलेन शामिल हैं। कलेक्टर ने इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप गति देने के निर्देश दिए।

### शिक्षा, खेल, पुल और अधोसंरचना से जुड़े कार्यों पर भी नजर

बैठक में प्रयास आवासीय विद्यालय भवन, ट्रांजिट हॉस्टल, नवीन संगीत महाविद्यालय भवन, किरोड़ीमल महाविद्यालय में लैब एवं भवन निर्माण, पुसौर एवं महापल्ली में बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम तथा शासकीय नवीन महाविद्यालय कुसमुरा सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही खरसिया में आरओबी निर्माण, विभिन्न ब्रिज एवं पुल निर्माण कार्यों, कयाघाट, बालसमुंद, केवड़ाबाड़ी, चांदनी चौक एवं गोवर्धनपुर में पुल निर्माण, केनाल लिंक रोड, रिवर फ्रंट, ऑक्सीजोन, जेल कॉम्प्लेक्स तथा विश्राम भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री एवं मंत्री घोषणा, अधोसंरचना मद, विधायक निधि तथा जिला खनिज न्यास निधि के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकेदार उपस्थित थे।

# तंबाकू नियंत्रण अभियान में 20 पान ठेलों की जांच कर वसूला1830 रुपये का जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जिले में नशीले एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन पर प्रभावी नियंत्रण तथा तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 31 अगस्त को संयुक्त जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन, गौशाला रोड और ढिमरापुर क्षेत्र के आसपास संचालित पान ठेलों की जांच करते हुए कोटपा अधिनियम, 2003 के तहत कार्रवाई की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि अभियान के दौरान 20 पान



ठेलों पर कोटपा अधिनियम, 2003 के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 1,830 रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही संबंधित दुकानदारों को तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रावधानों की जानकारी देते हुए उनका पालन सुनिश्चित करने के लिए समझाइश भी दी गई।

अभियान दल ने दुकानदारों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं सेवन से संबंधित कानूनी प्रावधानों का पालन करने तथा नियमों का उल्लंघन नहीं करने के लिए जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन और अधिनियम के अन्य प्रावधानों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.जाविद मारिकर द्वारा औषधि विभाग एवं पुलिस विभाग के समन्वय से अभियान संचालित किया गया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी श्री अमित तिवारी के सहयोग से संबंधित क्षेत्रों में पान ठेलों की जांच की गई। संयुक्त कार्रवाई में सिटी कोतवाली क्षेत्र की पुलिस आरक्षक सुश्री हेमलता लकड़ा, ड्रग निरीक्षक सुश्री सविता रानी साय, श्रीमती संतोषी राज एवं श्रीमती सीमा बरेठ सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही।

# मृत्यु के बाद भी जरूरतमंदों की जिंदगी में रोशनी भरेंगे प्रेम सुख बंसल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 सितंबर।** समाजसेवा और मानवता की एक प्रेरणादायी मिसाल पेश करते हुए प्रेम सुख बंसल उम्र 78 वर्ष के परिवार ने उनके निधन के पश्चात नेत्रदान का संकल्प लेकर एक अनुकरणीय कार्य किया है। उनके नेत्रदान से दो जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई रोशनी आने की उम्मीद है।



प्रेम सुख बंसल सुशील बंसल एवं श्रीकृष्ण कुमार बंसल के पिता थे। उनके परिवार द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए सहमति देना न केवल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय हैए बल्कि समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश भी है कि जीवन के बाद भी किसी के जीवन को रोशन किया जा सकता है।इस नेत्रदान कार्य को संपन्न कराने में देवकी रामधारी फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन श्री दीपक अग्रवाल डोरा जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर श्री आनंद बंसल जी उपस्थित रहे और इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया।डॉ.संतोष कश्यप के मार्गदर्शन में डॉण् सेफाली अग्रवाल एवं उनकी टीमए मेडिकल कॉलेजए रायगढ़ द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई।नेत्रदान के माध्यम से श्री प्रेम सुख बंसल जी की आंखें भले ही अब दुनिया को नहीं देख पाएंगीए लेकिन उनके नेत्र किसी जरूरतमंद के जीवन में नई रोशनी और नई उम्मीद लेकर आएंगे। यह पहल समाज को यह संदेश देती है कि हमारे जाने के बाद भी हमारी मानवता और सेवा की भावना जीवित रह सकती है।नेत्रदान के प्रति बढ़ रही जागरूकता देवकी रामधारी फाउंडेशन द्वारा नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता लाने के लिए लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं अभियान चलाए जा रहे हैं। फाउंडेशन का उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक परिवारों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना हैए ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन से अंधकार दूर कर उसे रोशनी प्रदान की जा सके। फाउंडेशन के प्रयासों से पूर्व में जैन परिवार द्वारा अपनी माताजी के निधन के पश्चात नेत्रदान कर इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान किया गया था। लगातार हो रहे ऐसे प्रयास यह दर्शाते हैं कि समाज में मानवता और सेवा की भावना को नई दिशा मिल रही है।नेत्रदान केवल एक व्यक्ति की दृष्टि किसी दूसरे तक पहुंचाने का माध्यम नहीं हैए बल्कि यह मानवता की उस भावना का प्रतीक हैए जिसमें व्यक्ति अपने जीवन के बाद भी किसी अनजान इंसान के जीवन में उजाला छोड़ जाता है। जरूरत है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस विषय पर जागरूक हो और अपने परिवार के साथ नेत्रदान के संकल्प पर विचार करे।देवकी रामधारी फाउंडेशन का प्रयास है कि नेत्रदान के प्रति जागरूकता को जन.जन तक पहुंचाया जाए और श्अंधकार मुक्त भारतश् के सपने को साकार करने में समाज की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो।प्रेम सुख बंसल जी का यह नेत्रदान उनके परिवार के साथ.साथ पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है जीवन का अंत हो सकता है लेकिन मानवता की रोशनी कभी खत्म नहीं होती।

# अटल आरोग्य लैब की सुविधा के बाद अब जांच के लिए न निजी लैब की दौड़, न जेब पर बोझ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** कभी जांच के लिए निजी पैथोलॉजी सेंटरों का रुख करना, भारी खर्च उठाना और रिपोर्ट के लिए इंतजार करना आम मरीजों की मजबूरी थी। अब सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में अटल आरोग्य लैब की सुविधा इस स्थिति को बदल रही है। लगभग 134 प्रकार की विभिन्न चिकित्सा जांचों की निःशुल्क सुविधा और डिजिटल माध्यम से रिपोर्ट उपलब्ध होने से मरीजों को समय और धन दोनों की बचत हो रही है। रायगढ़ निवासी अमन नायक इसका प्रत्यक्ष अनुभव साझा करते हुए बताते हैं कि बुखार की शिकायत के बाद वे जिला अस्पताल में रक्त जांच कराने पहुंचे। यहां अटल आरोग्य लैब के माध्यम से उन्हें आवश्यक जांच की सुविधा मिली। उन्होंने बताया कि लैब में विभिन्न प्रकार की जांचें उपलब्ध हैं और रिपोर्ट डिजिटल माध्यम से प्राप्त करने की सुविधा भी दी जा रही है।



अमन नायक के लिए यह अनुभव इसलिए भी खास रहा, क्योंकि पहले जांच कराने के दौरान उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि उस समय जांच के लिए इधर-उधर जाना पड़ा और रिपोर्ट मिलने में भी काफी समय लगा। वहीं अब अटल आरोग्य लैब के माध्यम से जांच प्रक्रिया आसान और सुविधाजनक हो गई है।अमन नायक बताते हैं कि पहले निजी संस्थानों में रक्त जांच कराने पर उन्हें काफी राशि खर्च करनी पड़ती थी। अटल आरोग्य लैब में निःशुल्क जांच की सुविधा मिलने से अब यह आर्थिक बोझ कम हुआ है। उन्होंने लैब के स्टाफ और चिकित्सकों के सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में ही जांच और उपचार से संबंधित आवश्यक सुविधा मिल रही है। इससे मरीजों को निजी क्षेत्र में जाने की जरूरत कम हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अटल आरोग्य लैब की पहल को आम लोगों के लिए उपयोगी बताया।

### समय पर जांच से उपचार में भी तेजी

अटल आरोग्य लैब का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक और विश्वसनीय जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को उपचार के लिए आवश्यक जांच अपने जिले और नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में ही मिल सके। जांच प्रक्रिया को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने के साथ रिपोर्ट को डिजिटल माध्यम से मरीजों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इससे मरीजों को रिपोर्ट लेने के लिए बार-बार अस्पताल आने की आवश्यकता कम होती है। समय पर रिपोर्ट उपलब्ध होने से चिकित्सकों को उपचार संबंधी निर्णय लेने में भी सुविधा मिलती है।

## कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को दिलाई उल्लास शपथ

**महासमुंद, 2 सितंबर।** जिले में 01 से 15 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह एवं साक्षरता पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम दिवस कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज समय-सीमा की बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षरता शपथ दिलाई। इस अवसर पर अधिकारियों ने शिक्षार्थियों को साक्षर बनाने तथा समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।अधिकारियों ने शपथ ली कि वे उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम से जुड़कर शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करेंगे तथा कर्तव्यनिष्ठ भाव से कार्यक्रम में अपना योगदान देंगे।

# चार प्रमुख कोयला एवं विद्युत परियोजनाएं संरक्षित क्षेत्र घोषित

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** जिले में कोयला उत्पादन, संप्रेषण एवं विद्युत उत्पादन से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सुरक्षा और निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 25, 26 एवं 28 के तहत अडानी पावर लिमिटेड, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की तलाईपल्ली परियोजना, एसईसीएल छाल ओपनकास्ट माइंस तथा जिंदल पावर लिमिटेड की प्रमुख परियोजनाओं एवं संबंधित परिसंपत्तियों को संरक्षित-प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने के आदेश जारी किए हैं।

यह निर्णय संबंधित परियोजनाओं के महत्व, ऊर्जा सुरक्षा, निर्बाध कोयला एवं विद्युत उत्पादन तथा महत्वपूर्ण औद्योगिक अधोसंरचनाओं के सुरक्षित संचालन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। संबंधित संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के आधार पर अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों से जांच एवं वस्तुस्थिति प्रतिवेदन प्राप्त किए गए थे। इन प्रतिवेदनों में परियोजनाओं की सुरक्षा एवं संचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की अनुशंसा की गई थी।

### अडानी पावर का छोटेभंडार परियोजना क्षेत्र संरक्षित

अडानी पावर लिमिटेड के ग्राम छोटेभंडार, बड़ेभंडार, अमलीभौना, सरवानी एवं अन्य संबंधित ग्रामों में स्थित सम्पूर्ण परियोजना क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें छोटेभंडार क्षेत्र स्थित ऊर्जा उत्पादन संयंत्र शामिल है। प्रशासनिक प्रतिवेदन में संयंत्र को राज्य के ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक बताई गई थी।

एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की तलाईपल्ली कोल माइनिंग परियोजना, तहसील घरघोड़ा के सम्पूर्ण परियोजना क्षेत्र, खदान क्षेत्र तथा संबंधित महत्वपूर्ण परिसरों और पहुंच मार्गों को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें कोल हैंडलिंग प्लांट एवं कोल स्टॉक यार्ड, वार्फवाल नंबर 1, 2 एवं 3, ईस्ट पिट, वेस्ट पिट एवं सेंट्रल पिट सहित माइनिंग ऑपरेशन एरिया, प्रशासनिक भवन एवं कोल लैब, रेलवे साइडिंग, मैगजीन परिसर, पिट ऑफिस, वे-ब्रिज, स्टेबलाइजेशन सेंटर, वीटीसी एवं सेफ्टी पार्क, सब-स्टेशन, कांट्रेक्टर कैम्प, एनटीपीसी कोसल विहार टाउनशिप, कंचनपुर तथा संबंधित पहुंच मार्ग शामिल हैं।

### एसईसीएल छाल के छह महत्वपूर्ण परिसर संरक्षित

एसईसीएल छाल ओपनकास्ट माइंस (सीम-III परियोजना) के छह महत्वपूर्ण परिसरों को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। इनमें साइलो, रेलवे साइडिंग एवं मोबाइल क्रेशर, कोल स्टॉक एरिया, माइनिंग ऑपरेटिंग एरिया एवं वर्कशॉप, कोल सैंपलिंग एरिया, सिक्योरिटी चेक पोस्ट तथा सब एरिया मैनेजर कार्यालय एवं सेंट्रल स्टॉक क्षेत्र शामिल हैं। इन परिसरों की सीमाएं संबंधित मार्गों, चौकों, नदी एवं आसपास की भूमि के आधार पर आदेश में निर्धारित की गई हैं।

### जिंदल पावर की छह प्रमुख परियोजनाएं भी शामिल

जिंदल पावर लिमिटेड की छह प्रमुख परियोजनाओं एवं संबंधित परिसंपत्तियों को भी संरक्षित-प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इनमें गारे पेलमा IV/v, गारे पेलमा IV&283 एवं गारे पेलमा IV/6 कोयला खदानें एवं संबंधित माइनिंग/ऑपरेशनल क्षेत्र, 3400 मेगावाट तमनार पावर प्लांट एवं ऐश डाइक, कोल हैंडलिंग प्लांट एवं कोल वॉशरीज, क्रॉस कंट्री पाइप कन्वेयर (CCPC) एवं संबंधित कॉरिडोर, डोंगामहुआ कैप्टिव पावर प्लांट तथा कोल स्टॉक यार्ड, मैगजीन,ृहस्रह प्लांट एवं अन्य महत्वपूर्ण ऑपरेशनल एवं सेफ्टी इंस्टॉलेशन शामिल हैं।

### प्रवेश के लिए वैध अनुमति आवश्यक

जारी आदेशों के अनुसार संरक्षित क्षेत्रों में बिना सक्षम अनुमति प्रवेश नहीं किया जा सकेगा। अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी वैध पहचान पत्र अथवा प्रवेश पत्र के आधार पर ही निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रवेश की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में संबंधित क्षेत्र, प्रवेश का उद्देश्य, कार्य की प्रकृति तथा अनुमति की वैधता अवधि का स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा। संरक्षित क्षेत्रों में जिला दंडाधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना सभा, बैठक, धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी, जुलूस, चक्काजाम अथवा सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। इसी प्रकार निर्धारित अनुमति के बिना वायरलेस सेट, अनधिकृत कैमरा अथवा रिकॉर्डिंग उपकरण, हथियार, विस्फोटक सामग्री, रासायनिक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर प्रवेश पर भी प्रतिबंध रहेगा।आदेशों में संरक्षित क्षेत्रों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन के लिए अनधिकृत प्रवेश तथा अनधिकृत गतिविधियों पर नियंत्रण के प्रावधान किए गए हैं। निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा संगठन के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 25, 26 एवं 28 तथा अन्य सुसंगत वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले में ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजना एनटीपीसी लिमिटेड लारा के सम्पूर्ण परियोजना क्षेत्र को भी पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 26 के तहत संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जा चुका है। जिला प्रशासन के इन निर्णयों से जिले में कोयला उत्पादन, कोयला संप्रेषण एवं विद्युत उत्पादन से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के सुरक्षित एवं निर्बाध संचालन के लिए निर्धारित व्यवस्था को और मजबूती मिली है।

# मौत का जाल बनी रायगढ़ की सड़कें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 2 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की ऊर्जाधानी और औद्योगिक मानचित्र पर चमकता रायगढ़ आज एक विडंबना का जीवंत दस्तावेज बन चुका है। आकाश छूती चिमनियों से निकलता धुआं एवं आर्थिक समृद्धि के बड़े-बड़े दावे शहर की इस हकीकत के आगे बेमानी साबित हो रहे हैं जहां आम आदमी सुरक्षित दो कदम चलने के लिए भी मोहताज है। सवाल केवल डामर उखड़ने या कंक्रीट टूटने भर का नहीं है। उस संवेदनशील अंतरात्मा का भी है जो कागजी फाइलों के भारी बोझ तले दबकर दम तोड़ चुकी है जब शहर की सड़कें अपने ही लोगों के लिए मौत का खुला मैदान बन जाएंए तो उस तथाकथित विकास का अर्थ ही क्या रह जाता हैए जो जनता को जीवन देने के बजाय असमय काल के गाल में धकेल रहा हो घ् ?ढिमरापुर से कोतरा रोड व आवागमन की सभी मुख्य धमनियों तक में पसरा कीचड़ और गड्ढों का साम्राज्य चीख. चीख कह रहा है कि होने वाली दुर्घटनाएं महज एक हादसा नहीं बल्कि सरकारी मशीनरी की संवेदनहीनता और लापरवाही की सुनियोजित इबारतें हैं जो हर रोज किसी हंसते.खेलते परिवार को उजाड़ देती हैं जरा सोचिए उस विचलित करने वाले मंज़र कोए जब स्कूटी का पहिया किसी अनदेखे गड्ढे या कीचड़ के दलदल में फिसलता हैओर वाहन पर सवार व्यक्ति असंतुलित होकर सड़क पर गिरता है और चंद सेकंड के भीतर तेज रफ्तार ट्रक के पहिए उसके वजूद को कुचल कर सड़क को खून से लाल कर देते हैं ढिमरापुर रोड पर एक महिला और कोतरा रोड में एक अन्य नागरिक की वीभत्स मौतें केवल आंकड़े नहीं हैंए बल्कि यह समाज और व्यवस्था के माथे पर लगा ऐसा कलंक हैएजो मानवीय जीवन के प्रति गिरती सरकारी सोच को दिखाती है कि मनुष्य का जीवन कितना सस्ता और बदतर हो चुका है जिसकी कोई कीमत नहीं है विडंबना यह है कि जब शहर इन खस्ताहाल पटरियों पर खून के आंसू रो रहा होता हैए तब सत्ता के गलियारों में बजट स्वीकृति का जश्न मनाया जाता है। हुक्मरानों का रवैया ऐसा है मानों राशि की घोषणा मात्र से गड्ढे खुद.ब.खुद भर जाते हों और कीचड़ रातों.रात मखमली रास्तों में तब्दील हो जाता हो। प्रशासनिक तंत्र की यह भूलने की बीमारी या जानबूझकर बरती जाने वाली टालमटोल प्रवृत्ति इस बात का प्रमाण है कि उन्हें आम आदमी के पसीने और खून की कोई कीमत नहीं है। टेंडर की लंबी फाइलें दफ्तरों के चक्कर और कागजी घोड़े दौड़ने में प्रशासनिक औपचारिकताएं जब तक पूरी होंगीए तब तक न जाने कितने और घरों के चिराग बुझ चुके होंगे। यह कौन सा विकास मॉडल है जो निर्माण के नाम पर मौजूदा नागरिकों को मौत के मुहाने पर खड़े होने के लिए मजबूर कर देता हैघ् ?हम कब तक इस आपराधिक उदासीनता को बर्दास्त एवं सहन करते रहेंगे सड़कों का निर्माण अपनी गति से चलेए इस पर किसी को आपत्ति नहीं हो सकतीए किंतु उस लंबी प्रक्रिया के बीच नागरिकों को भगवान भरोसे छोड़ देना कतई न्याय संगत नहीं होगा इसे स्वीकार्य नहीं किया जा सकता जरूरत इस बात की है कि जिला प्रशासन हकीकत को समझे और कागजी दावों से बाहर निकलेए युद्ध स्तर पर तात्कालिक मरम्मत पैच वर्क और समतलीकरण का अभियान चलाए कीचड़ एवं जल भराव के इस अभिशाप से शहर को मुक्ति दिलाए। जब तक हुक्मरान जनता के दर्द को अपनी धड़कन नहीं बनाएंगे तब तक रायगढ़ की सड़कें यूं ही खून से लाल होती रहेंगी अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन किसी और जनाक्रोश या बड़ी दुर्घटना के घटने का इंतजार करेगा या फिर कुशल सर्जन की तरह शहर की जर्जर धमनियों के गड्ढों से भरे कीचड़ को साफ कर उसका इलाज करेगा घ् यह तो हिंदुस्तान है जहां कोई भी कुछ भी करता है ओर लोग उसको नोटिस नहीं करते सरकार की कोताही से यदि यही मौते अमेरिका या दूसरे देशों में हुई होती तो अब तक सरकार के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दायर हो चुका होता ओर सरकार को इंसानी जिंदगी की कीमत हजारों डालर के रुप में चुकानी पड़ती साथ में दोषी लोग जेल की हवा खा रहे होते लेकिन हमारे यहां ऐसा नहीं होता घ् इसलिए हमारी संवेदनशीलता का बेज़ा फायदा उठाने की अनुमति भी किसी को नहीं दी जानी चाहिए बात सिर्फ रायगढ़ की नहीं है पूरे छत्तीसगढ़ में सड़को की हालत खराब है अंबिकापुर हो बलौदाबाजार हो बिलासपुर हो या धमतरी हो दुर्ग हो या राजनांदगांव कोरबा हो सभी जगह जर्जर सड़कों ने लोगो का जीना मुहाल कर दिया है हर कोई सड़को की बदतर हालत को लेकर परेशान है ओर सरकार को कोसने के साथ इस दुरावस्था पर अपने तरीकों से विरोध भी दर्ज करा रहे है कोई यमराज बन कर सड़क पर मौत का तांडव कर रहा है तो कोई गोविंदा का डांस कर सरकार को कोस रहा है कोई नरेंद्र मोदी और गडकरी की माला जप रहा है कोई अमरीका की जैसी सड़क बनाने का मखोल उड़ा रहा है लेकिन बेशर्मी की हद है कि इसके बाद भी सिस्टम धृतराष्ट्र बने शुतुरमुर्ग की तरह बहियाई से रेत में गर्दन गड़ाए हुए हैं सरकार व प्रशासन को उन एजेंसियों की जवाबदेही तय करनी होगी जो लाखों करोड़ों रुपए डकार कर घटीया सड़के बना लोगो की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं इस अघोषित मर्डर लाइसेसष् को अब बंद करने का वक्त आ गया हैए सब्र की इंतहा हो चुकी है यदि यह फटा तो आने वाला जलजला शहर के अमन चैन व शांत फिज़ाओं को झकझोर कर रख देगा इसे रोकना है तो सरकार व प्रशासन को अभी से डेमेज कंट्रोल करना पड़ेगा वरना जो होगा उसके लिए सरकार व नौकरशाही ही जिम्मेदार मानी जाएगी ।

एक नजर

### चाकू दिखा कर लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव 2 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी चौकी चिखली उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.08.26 को प्रार्थी राजनांदगांव मोटर सायकल खरिदने आया था जो रात्रि होने से कागजात पूर्ण नही होने पर वापस अपने घर जा रहा था कि रात्रि 09:15 बजे ग्राम गठुला से अपने घर जाने के लिये लिफ्ट मांगने पर दो व्यक्ति अपने मो.सा. मे लिफ्ट देकर बोरी से जोरातरई रोड नहर पुलिस के पास ले जाकर चाकू दिखा कर डरा धमका कर प्रार्थी से नगदी रकम 8500 रूपये व उसके मोबाईल को लूट कर भाग गये है जो डर के कारण घटना दिनांक को रिपोर्ट दर्ज नही कराया था जो ग्राम बोरी मे दिखने पर चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपियो के विरूद्ध धारा 311,351(3),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में चौकी चिखली पुलिस द्वारा टीम तैयार कर ग्राम बोरी मे दबिश दिया गया आरोपियो की पतासाजी कर अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करने पर आरोपी 01. विष्णु पटौती पिता अशोक पटौती उम्र 22 साल साकिन बोरी वार्ड नं. 16 ओपी चिखली, 02. अशवन उर्फअश्वनी नेताम पिता मासे गोड़ उम्र 20 साल निवासी ग्राम बोरी ओपी चिखली जिला राजनांगांव द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपियो से घटना मे लूट किये।

### एडजस्ट करना नहीं सिखाए बल्कि तरीका बताइए:श्रेयांशप्रभ जी

**राजनांदगांव 2 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज यहां कहा कि जंगल में बांसों के टकराने से चिंगारी पैदा होती है जो हवा के संपर्क में आने पर दावानल का रूप धारण कर फैलने लगती है। ठीक इसी तरह हमारी एक बात हवा में मिल जाए तो आग की तरह फैल जाती है। इसलिए हमें सोच समझ कर ही शब्दों का उपयोग करना चाहिए। जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन की श्रृंखला में मुनि श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि हम भगवान महावीर तो नहीं बन सकते किंतु उनके कुछ नियमों को तो अपना सकते हैं। मुनि श्री ने कहा कि आप अपने बच्चों को एडजस्ट करना मत सिखाइये बल्कि स्थिति से निपटने का तरीका बताइए।

# ग्रीन फार्म हाउस में लाखों की चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 सितंबर।** थाना सोमनी क्षेत्र के ग्राम देवादा स्थित सेड्स ऑफ ग्रीन फार्म हाउस में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। थाना सोमनी पुलिस एवं साइबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के एसी आउटडोर, एचटीपी पंप सहित अन्य सामान तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है। जब्त मशरूका एवं वाहन की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 56 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 20 अगस्त की रात 11 बजे से 21 अगस्त की सुबह 7:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने ग्राम देवादा स्थित ग्रीन फार्म हाउस के मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर फार्म हाउस से 10 नग एसी आउटडोर, 3 नग सबमर्सिबल पंप, 1 वाटर पंप, एचपी पंप, एचटीपी पंप, सीसीटीवी कैमरे और ब्लूटूथ साउंड बॉक्स सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए थे।



प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 164/26, धारा 305(ए), 331(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन एवं श्री के.पी. मरकाम के पर्यवेक्षण में थाना सोमनी एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों से मिले सुरागों, तकनीकी साक्ष्यों तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेहियों की निगरानी शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने विजय सोनवानी (26), निवासी ग्राम धीरी आबादीपारा, थाना सोमनी तथा नागेश्वर प्रसाद साहू (29), निवासी ग्राम खल्लारी, थाना गुण्डरदेही, जिला बालोद को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर फार्म हाउस में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से 08 नग वोल्टास कंपनी के एसी आउटडोर, 01 नग गोदरेज कंपनी का एसी, 01 नग किसान क्राफ कंपनी का एचटीपी पंप तथा चोरी में प्रयुक्त वाहन क्रमांक छत्त 07 छय 3327 बरामद किया गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मामले में फरार अन्य आरोपी की तलाश तथा चोरी गए शेष सामान की बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है।

इस कार्रवाई में थाना सोमनी एवं साइबर सेल के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**सुरक्षा को लेकर पुलिस की अपील:** थाना सोमनी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि घर, प्रतिष्ठान, फार्म हाउस एवं अन्य संपत्तियों में सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में रखें और सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतें। किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

# सर्व समाज का उत्सव है जन्माष्टमी:मधुसूदन यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 सितंबर।** यादव समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर इस वर्ष दो दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर मंगलवार दोपहर 1:00 प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में यादव समाज के संरक्षक एवं महापौर मधुसूदन यादव तथा कोरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष मन्ना लाल यादव ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी केवल यादव समाज का पर्व नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था रखने वाले सर्व समाज का उत्सव है। इस अवसर पर सभी समाजों के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की गई।



महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष जन्माष्टमी का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जाता है। इस वर्ष आयोजन को और अधिक भव्य एवं आकर्षक स्वरूप दिया गया है। समाज की झेरिया, कोसरिया और ठेठवार तीनों प्रमुख शाखाओं के स्वजातीयजन एकजुट होकर आयोजन में सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संदेश प्रेम, सद्भाव, सामाजिक एकता और कर्म का संदेश है। इसलिए जन्माष्टमी का यह आयोजन समाज को जोड़ने के साथ-साथ सर्व समाज को एक मंच पर लाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि 3 और 4 सितंबर को होने वाले दोनों आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और सामाजिक एकता के इस पर्व को सफल बनाएं। मन्ना लाल यादव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर 3 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे स्टेट हाई स्कूल से बाइक रैली निकाली जाएगी। बाइक रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस स्टेट हाई स्कूल पहुंचेगी। इसमें बड़ी संख्या में समाज के युवा एवं महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन को लेकर लगभग 1000 युवाओं एवं महिलाओं की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। वहीं 4 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल से भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा चौक पहुंचेगी जहां इसका समापन होगा। उन्होंने बताया कि सामाजिक एकता और अनुशासन को प्रदर्शित करने के लिए दोनों आयोजनों में विशेष ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। बाइक रैली में पुरुष सफेद परिधान तथा महिलाएं लाल साड़ी में शामिल होंगी। वहीं शोभायात्रा में पुरुष पीले कुर्ते और महिलाएं पीली साड़ी में नजर आएंगी। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति के साथ छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। आयोजन समिति द्वारा आकर्षक झांकियों, अखाड़ा, दफड़ा-दमऊ, बाँसगीत, सुआ एवं गेड़ी नृत्य, मिक्स डांस, मंडई मेला और छत्तीसगढ़ी राऊत नाचा सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को शोभायात्रा में शामिल किया गया है। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण के साथ राऊत नाचा, छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं व्यंजनों की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। वहीं वासुदेव जी द्वारा बालकृष्ण को सिर पर लेकर जाते हुए दृश्य को भी प्रस्तुत किया जाएगा। शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ महतारी, किसान, महिला किसान, राधा-कृष्ण, भारत माता, सेना के जवान और तिरंगा ध्वज के माध्यम से संस्कृति, किसान, राष्ट्र और सामाजिक एकता का संदेश दिया जाएगा। शोभायात्रा में लड्डू गोपाल जी की पालकी यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। पालकी के साथ पुष्पवर्षा की जाएगी। आकर्षक छाते, घंटी, डमरू, शंख, झांझर और सफेद चंवर के साथ भगवान की पालकी निकाली जाएगी। पालकी के पीछे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी, भगवान शिव, माता पार्वती, ब्रह्मा, विष्णु, नंदी एवं भगवान गणेश सहित विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां रहेंगी। इसके बाद राधा-कृष्ण की रासलीला गोपी-गोपियों के साथ प्रस्तुत की जाएगी। मयूर एवं आकर्षक छत्तीसगढ़ी वाद्ययंत्र भी शोभायात्रा में शामिल रहेंगे।

भगवान श्रीकृष्ण और राधा को झूले में झूलते हुए दर्शाती आकर्षक झांकी भी नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। इसके पीछे विभिन्न वार्डों से निकलने वाली आकर्षक झांकियां बाजे-गाजे के साथ शामिल होंगी। जन्माष्टमी आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए समाज के युवाओं और महिलाओं को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। युवाओं ने रिभय यादव के नेतृत्व में बाइक रैली एवं शोभायात्रा की तैयारियां तेज कर दी हैं। बाइक रैली में बड़ी संख्या में युवाओं एवं महिलाओं को जोड़ने के साथ मानव मंदिर चौक की विशेष सजावट की जिम्मेदारी भी युवाओं को दी गई है। रिभय यादव, सतीश यादव, करण यादव, मयंक यादव, अपूर्व यादव, अभिषेक यादव, विनीत यादव, कमल यादव, आर्या यादव, सूरज यादव, विरेंद्र यादव, सावन यादव, लोकेश यादव, आयुष यादव, प्रवीण यादव, गोपी यादव, धर्म यादव, अभ्यास यादव, चेतन यादव सहित बड़ी संख्या में युवा तैयारियों में जुटे हैं। वहीं महिलाओं में भी जन्माष्टमी आयोजन को लेकर खासा उत्साह है। नगर निगम पार्षद श्रीमती खेमिन राजेश यादव एवं मनोनीत पार्षद श्रीमती मंजू यादव युवतियों और महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# कर्मचारी भवन तिल्दा में हुआ पेंशनरों के पुस्तकालय का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा - नेवरा2 सितंबर।** राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं संस्कृत के विद्वान डाक्टर उमाशंकर तिवारी ने 475 पुस्तकों के साथ पांच हजार एक सौ रूपये के दान के साथ पुस्तकालय का शुभारंभ समाजसेवी हीरानंद हरिरामानी एवं भारतीय स्टेट बैंक ऑफइंडिया शाखा नेवरा के शाखा प्रबंधक राजीव रंजन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस पुस्तकालय में धार्मिक, सामाजिक,ऐतिहासिक पुस्तकों के साथ ही रामायण,महाभारत 'भगवद्गीता के साथ अनेक सुप्रसिद्ध लेखकों,उपन्यासकारों और रचनाकारों की प्रसिद्ध पुस्तकें हैं।मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए शाखा प्रबंधक राजीव रंजन ने कहा कि तिल्दा के समस्त पेंशनर साथियों की पेंशन से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या का समाधान करने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं।डाक्टर उमाशंकर तिवारी ने इस पुस्तकालय के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। अगस्त माह में जिन साथियों का जन्मदिन पड़ता है उनका जन्म दिन समारोह का आयोजन किया गया,उन्हें गुलाल लगाकर मुंह मीठा कराकर श्री फल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सर्व रघुनंदन लाल वर्मा,रामावतार पाण्डेय, उमाशंकर तिवारी, सुरेश कुमार शर्मा, शिवकुमार भारद्वाज, नरेन्द्र कुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा, बलीराम यादव आदि प्रमुख थे।इस कार्यक्रम में हरखराम वर्मा,घनश्याम प्रसाद वर्मा,सेवादास वैष्णव, मालिक राम साहू, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, तुलसी राम वर्मा,रामचन्द्र वर्मा,खोडसराम वर्मा, देवनाथ वर्मा, जवाहरलाल सिरमौर, अनुरूद्ध कुमार वर्मा, एस. एन. गुप्ता, मो. सलीम खान, लेखराम कुंभकार, रूपनारायण वर्मा, श्री मती संध्या झा,श्री मती कौशल वर्मा, श्री मती झांसी वर्मा सहित अन्य गणमान्य पेंशनर साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्वर्गीय श्री गोपाल वर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण करवाते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# जिला चिकित्सालय के पास चला कब्जा हटाओ अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 सितंबर।** बारिश में सुचारू पानी निकासी एव सुगम यातायात की दृष्टिकोण से नगर निगम द्वारा अतिरक्रण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में बसंतपुर मेन रोड एवं जिला चिकित्सालय साहू समाज भवन रोड के पास से अनाधिकृत रूप से रखे ठेला हटाने की कार्यवाही निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय बसंतपुर मेन रोड में नाला के उपर अतिक्रमण कर 4 ठेला रखा गया था, जिससे सफाई बाधित हो रही थी। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय साहू समाज भवन की ओर अतिक्रमण कर अवैध रूप से रखे 3 बंद ठेला के कारण आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैल रही थी। उक्त ठेलो को अतिक्रमण हटाव अभियान के तहत निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम के निर्देश पर नगर निगम की अतिक्रमण दस्ता ने मानव गैंग एवं जे.सी.बी. के माध्यम से हटाने की कार्यवाही किए। यह अभियान निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त श्री मरकाम ने शहर को स्वच्छ एवं साफरखने सहयोग करने नागरिको एवं व्यापारियो से अपील करते हुये कहा है कि शहर के चैक चैराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार अतिक्रमण करने से पानी निकासी प्रभावित होती है। साथ ही सडक में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जावेगा।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर 4 सितम्बर को मटन मार्केट बंद रहेगा

**राजनांदगांव 2 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के आदेशानुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 4 सितम्बर दिन शुक्रवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुये कहा है कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# स्कूली ऑटो चालकों एवं बच्चों को यातायात सुरक्षा के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु स्कूली ऑटो चालकों एवं विद्यार्थियों को यातायात सुरक्षा संबंधी आवश्यक समझाइश दी गई। इस दौरान स्कूली ऑटो चालकों को समझाइश दी गई कि बच्चों को वाहन में ले जाते समय उनके बैग ऑटो के बाहर पीछे की ओर लटकाकर अथवा इस प्रकार न रखें, जिससे वे किसी अन्य वाहन से टकराकर दुर्घटना का कारण बनें। ऑटो में बच्चों के बैठने एवं सामान रखने की उचित व्यवस्था रखने तथा वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों को समझाइश दी गई कि ऑटो में सफर करते समय अपने हाथ, पैर अथवा शरीर का कोई भी हिस्सा वाहन से बाहर न निकालें। बच्चों को बताया गया कि चलती गाड़ी से शरीर बाहर निकालना अत्यंत जोखिमपूर्ण है तथा इससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों एवं स्कूली बच्चों से



यातायात नियमों का पालन करने, सावधानीपूर्वक वाहन चलाने तथा बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की गई। ऑटो चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने अथवा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध नियमानुसार मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु इस प्रकार की जागरूकता एवं समझाइश अभियान निरंतर जारी रखने की बात कही गई।

# जिला कार्यालय भवन की साफसफाई एवं बगीचों के संधारण के लिए द्वितीय निविदा 16 सितम्बर तक आमंत्रित

**राजनांदगांव 2 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कार्यालय भवन राजनांदगांव अंतर्गत परिसर एवं शौचालयों की साफ-सफाई तथा परिसर के भीतर स्थित संपूर्ण बगीचों के संधारण कार्य हेतु वर्ष 2026-27 की अवधि माह अक्टूबर 2026 से नवम्बर 2027 तक के लिए द्वितीय निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक निविदाकार 16 सितम्बर 2026 को संध्या 4 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा आमंत्रण हेतु निर्धारित प्रपत्र का आवेदन पत्र, निविदा की शर्तों एवं अन्य जानकारी जिला कार्यालय नाजिर शाखा राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदा को 16 सितम्बर 2026 को संध्या 4.30 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जाएंगी।


## पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने ईसी पहचान पत्र नंबर-**EC26A1012CG5872863N (File No: IA-J-11011/255/2023-IA-II(IND-I)) Dated 30.08.2026** द्वारा हमारी क्षमता विस्तार परियोजना हेतु ग्राम-रायखेड़ा, तहसील-खरोरा, जिला-रायपुर (छग.) में क्षमता विस्तार के तहत एम.एस. बिलेट्स 3,20,000 टन/ वर्ष, रिरोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स 3,38,000 टन / वर्ष (थ्रू हॉट चार्जिंग 1,88,000 टन/ वर्ष एवं थ्रू रिहीटिंग फर्नेस 30,000 टन/ वर्ष से 1,50,000 टन/वर्ष), एम. एस. ब्लैक पाईप 30,000 टन / वर्ष से 2,10,000 टन/वर्ष, गैल्वेनाईजिंग प्लांट 51,000 टन/वर्ष से 1,00,000 टन/वर्ष के साथ अतिरिक्त सबमर्ज्ड आर्क फर्नेस 3.6 एमव्हीए (to produce SiMn/FeMn/FeSi/Pig Iron) हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय की गई है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in.) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा मुख्यालय अटल नगर नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

**स्थान:- रायपुर (छग.)**
**दिनांक:- 01.09.2026**

**मेसर्स ब्लैकरॉक स्टील एण्ड पॉवर प्रा. लि.**
**ग्राम-रायखेड़ा, तहसील-खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं भूमिका तंबोली पति जग्गू प्रसाद तंबोली निवासी ग्राम पोष्ट ढ़ारा थाना चौकी-मोहारा तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। राजस्व अभिलेख में मायके का नाम अन्नपूर्णा AANPURANA पिता छेदीलाल CHHEDILAL अंकित हैं एवं मैं अपना मायके का नया नाम परिवर्तन कर भूमिका तंबोली BHOOMIKA TAMBOLI पति जग्गू प्रसाद तंबोली JAGUU PRASAD TAMBOLI के नाम से जाना एवं पहचाना जावे ।

**सूचना जाने ।**

**भवदीय**
**(भूमिका तंबोली)**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं शेख जाहिदा पति शेख वहीद निवासी इंदिरा नगर वार्ड नं. 05 डोंगरगढ़ पोष्ट-थाना-तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे शाला अभिलेख व अन्य दस्तावेज में मेरा नाम कुम जाहिदा खान KUM MOHMMAD KHAN, श्रीमति जाहिदा बी पिता गुल मोहम्मद GUL MOHMMAD KHAN अंकित हैं एवं मैं अपना नया नाम परिवर्तन कर शेख जाहिदा SHEIKH JAHIDA पति शेख वहीद SHEIKH VAHEED के नाम से जाना एवं पहचाना जावे ।

**सूचना जाने ।**

**भवदीय**
**(शेख जाहिदा)**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं रामलाल पिता मेहतरू निवासी ग्राम बांसपहाड पोष्ट बागरेकसा थाना बोरतलाव तहसील-लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं । मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम विदया मरार VIDDYA MARAR पिता रामलाल मरार RAMLAL MARAR अंकित हैं एवं मैं अपनी पुत्री का नया नाम परिवर्तन कर दिव्या DIVYA पिता रामलाल RAMLAL के नाम से जाना एवं पहचाना जावे ।

**सूचना जाने ।**

**भवदीय**
**(रामलाल)**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं पूर्णिमा देवांगन पति जगपाल देवांगन निवासी ग्राम पोष्ट चारभाठा थाना बागनदी तहसील-लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। राजस्व अभिलेख में मायके का नाम सुनिती SUNITI पिता बुधराम BUDHRAM अंकित हैं एवं मैं अपना मायके का नया नाम परिवर्तन कर पूर्णिमा देवांगन POORNIMA DEWANGAN पति जगपाल देवांगन JAGPAL DEWANGAN के नाम से जाना एवं पहचाना जावे ।

**सूचना जाने ।**

**भवदीय**
**(पूर्णिमा देवांगन)**

## प्रारूप (तीन)
## शपथ पत्र
**(नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)**

मैं मंगलू राम कुरसम (MANGALU RAM KURASAM) (माता / पिता पालक का नाम) पिता पांडुराम कुरसम (PANDURAM KURASAM) निवासी ग्राम मण्डेम, एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करती हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ।

मैं ग्राम मण्डेम, तहसील कुटरू, जिला-बीजापुर (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।

मैं अपने नाबालिग पुत्री का नाम जैयती कुरसम (JAITI KURSAM) से बदलकर जयंती कुरसम (JAYANTEE KURSAM) करवाना चाहता हूँ।

मैं अपने पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

मैं अपने पुत्री जैयती कुरसम (JAITI KURSAM) को मेरे नाबालिग पुत्री का नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**मंगलूराम**

**सत्यापन**

मैं मंगलू राम कुरसम (MANGALU RAM KURASAM) (माता / पित्ता पालक का नाम) पिता पांडुराम कुरसम (PANDURAM KURASAM ) निवासी ग्राम मण्डेम सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंड़िका 01 से 05 की अर्न्तवस्तु मेरे व्यक्तिगत ज्ञान व विश्वास में सत्य व सही है। आज दिनांक 31/08/2026 को स्थान बीजापुर में सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर किया।

**शपथकर्ता**
**मंगलूराम**


***पीढ़ियों की धरोहर को मिली कानूनी मुहर: रायपुर, 2 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि जैव-विविधता और पारंपरिक ज्ञान को एक बड़ी राष्ट्रीय पहचान मिली है। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड स्थित ग्राम गुहनानाला के किसान बंसी लाल सोरी द्वारा पीढ़ियों से सहेजे गए पारंपरिक 'चिरपोटी टमाटर' को 'पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण' के तहत आधिकारिक तौर पर पंजीकृत कर लिया गया है।


## पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने ईसी पहचान पत्र नंबर **EC26A1003CG5979670N (File No: IA-J-11011/334/2024-IA-II(IND-I))Dated 30.08.2026** द्वारा हमारी कंपनी को अपने प्रस्तावित उद्योग के स्थापना एवं संचालन हेतु ग्राम-चांपा एवं कोटा, तहसील-तिल्दा, जिला-रायपुर (छग.) में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड परियोजना स्पंज आयरन किल्न 2,45,000 टन/वर्ष, एम.एस. बिलेट्स 2,74,400 टन/ वर्ष, रोल्ड स्टील प्रोडक्ट 2,66,168 टन/वर्ष (थ्रू हॉट चार्जिंग 2,01,684 टन/ वर्ष एवं थ्रू बिलेट रिहीटिंग फर्नेस (कोल गैसीफायर) 64,484 टन/वर्ष), सबमर्ज्ड आर्क फर्नेस 9 एमव्हीए गुना 2 नग (सिलिको मैंगनीज 34,000 टन/वर्ष और/या फेरो मैंगनीज 43,000 टन/वर्ष और/या फेरा सिलिकॉन 19,000 टन/ वर्ष और / या पिग आयरन 68,000 टन/वर्ष), कैप्टिव पॉवर प्लांट 25 मेगावाट (16 मेगावाट थ्रू डब्ल्यूएचआरबी एवं 9 मेगावाट थ्रू एफबीसी) एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स 39,800 टन/ वर्ष की स्थापना एवं संचालन हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय की गई है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in.) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर तथा मुख्यालय अटल नगर नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

**स्थान:- रायपुर (छग.)**
**दिनांक:- 01.09.2026**

**मेसर्स श्री राधे शक्ति स्पंज एण्ड पॉवर प्रा. लि.**
**ग्राम-चांपा एवं कोटा, तहसील-तिल्दा,**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत अपने ईसी पहचान पत्र नंबर-**EC25A1005CG5914001N (File No: J-11011/380/2009- IA II (I)) Dated 30.08.2026** द्वारा हमारी क्षमता विस्तार परियोजना हेतु ग्राम-टेमटेमा, तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छग.) में क्षमता विस्तार के तहत स्पंज आयरन 1,20,000 टन / वर्ष से 1,44,000 टन / वर्ष एवं बिलेट 1,00,000 टन/वर्ष से 1,20,000 टन/वर्ष, रिरोल्ड प्रोडक्ट्स 95,000 टन / वर्ष से 1,14,000 टन/ वर्ष, कैप्टिव पॉवर प्लांट 20 मेगावाट से 24 मेगावाट (डब्ल्यूएचआरबी 8 मेगावाट से 10 मेगावाट एवं एएफबीसी 12 मेगावाट से 14 मेगावाट) एवं फेरो एलॉयज 30,000 टन/ वर्ष अधिकतम (फेरो एलॉयज की क्षमता में कोई वृद्धि नहीं) धारा 7(ii) (a) के अंतर्गत पहले चरण में 20 प्रतिशत वृद्धि हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय की गई है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in.) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय रायगढ़ तथा मुख्यालय अटल नगर नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

**स्थान:- रायगढ़ (छग.)**
**दिनांक:- 01.09.2026**

**मेसर्स स्काई एलॉयज एण्ड पॉवर लिमिटेड**
**ग्राम-टेमटेमा, तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद किरंदुल जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कमांक/775/ राजस्व/ अस्थाई दखल/न.पा.प./2026 किरंदुल दिनांक 31.08.2026

**ऑफर सूचना (तृतिय)**

एतद द्वारा सर्व साधारण में सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद किरंदुल में अस्थाई दखल शुल्क हेतु बन्द **त्रिलिफाफा पद्धति** में ऑफर दिनांक 10.09.2026 को अपरान्हः 4.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है, जो दिनांक 10.09.2026 को संध्या 5.00 बजे खोला जायेगा। इच्छुक व्यक्ति अपना ऑफर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से अमानत राशि (टी.डी.आर.) (अलग लिफाफा में) एवं अन्य अभिलेख के साथ ऑफर प्रस्तुत कर सकते है। ऑफर की अन्य नियम, शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन कार्य दिवस में कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | शासकीय राशि | अमानत राशि | स्वीकृत पश्चात | शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वर्ष 2026-27 हेतु अस्थाई दखल शुल्क नीलामी हेतु (01 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक) (06 माह हेतु) | 1,84,250.00 | 18,425.00 | 50 प्रतिशत | 02 समान किश्तों में जमा किया जाना है। |

टीपः- ऑफर (आवेदन पत्र) (अलग लिफाफा में) ए-4 साईज पेपर में हस्तलिखित अथवा टंकित होना चाहिए, जिसमें आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम, वर्ग, स्थाई पता, अस्थाई पता, के साथ ही चाही गई जानकारियां भरकर निर्धारित अमानत राशि (टी.डी.आर.) के साथ बंद लिफाफे में रजिस्टर्ड अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित तिथि तक भेजे जा सकें। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

2. निकाय से कर बकाया नहीं प्रमाण-पत्र । (जीवित / निविदा दिनांक से 12 माह से अधिक न हो ।) अन्य आवश्यक जानकारी राजस्व शाखा से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद किरन्दुल**

